


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार, 31 मार्च 2026 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 42 ■ अंक-002 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 01 अप्रैल 2026 ■ मूल्य 2.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### नक्सलवाद से मुक्त हुआ देश बस्तर में शांति और विकास का नया दौर शुरू : रमन सिंह

**रायपुर, 31 मार्च।** नक्सलवाद के मुद्दे पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि



आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सशक्त मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ समेत पूरा देश नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्त हो चुका है। बस्तर जो वर्षों तक भय और हिंसा के साए में रहा, अब पूरी तरह नक्सल मुक्त होकर शांति, विकास और विश्वास के नए युग में प्रवेश कर रहा है। डॉ. रमन सिंह ने विश्वास जताया कि अब बस्तर की धरती पर फिर से खुशियों की बहार लौटेगी। विकास के नए आयाम स्थापित होंगे और आम जनजीवन समृद्धि की ओर तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अब बस्तर में ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई देगी, लोक संस्कृति का पुनर्जीवन होगा और गांव-गांव में उत्सव, विश्वास और प्रगति का माहौल बनेगा। इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए डॉ. रमन सिंह ने सभी सुरक्षा बलों के वीर जवानों को नमन किया और देशवासियों को हार्दिक बधाई दी।

### एके-47 के साथ 2 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**कांकेर, 31 मार्च।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में दो नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। सरेंड करने वाले नक्सलियों की पहचान हिड़मे और शंकर के रूप में की गई है। दोनों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इसकी पुष्टि एसपी निखिल राखेचा ने की है। जानकारी के अनुसार, दोनों नक्सली एके-47 जैसे घातक हथियार के साथ पुलिस के पास पहुंचे और मुख्यधारा में लौटने की इच्छा जताई। पुलिस अधिकारियों ने आत्मसमर्पण की प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें शासन की पुनर्वास नीति का लाभ देने की बात कही है। सरकार द्वारा निर्धारित नक्सलवाद समाप्ति की डेडलाइन के दिन ही यह आत्मसमर्पण हुआ है, जिसे सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता माना जा रहा है। बताया जा रहा कि अब भी कांकेर के जंगलों में करीब 15 नक्सलियों की मौजूदगी बताई जा रही है, जिनके खिलाफसुरक्षा बलों का अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नक्सलियों से आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने की अपील लगातार की जा रही है। आने वाले समय में और भी नक्सलियों के सरेंडर की उम्मीद है।

### फाफाडीह में तीन दुकानों में आग

**रायपुर, 31 मार्च।** राजधानी रायपुर के फाफाडीह क्षेत्र गली नंबर 4 इलेक्ट्रॉनिक सामान के गोदाम में लगी आग की घटना के बाद कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रात 12:00 घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि आग लगने के पश्चात फायर ब्रिगेड एवं जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने एवं राहत कार्य में जुट गई थी और अब आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को आग पर शीघ्र नियंत्रण एवं राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की जनहानि को रोकने हेतु सतर्कता बरतने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन एवं एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के भाई ताहिर अनवर की मौत

**कराची, 31 मार्च।** पाकिस्तान से एक बहुत बड़ी खबर सामने आई है। 'भारत के जानी दुश्मन' जैश-ए-मोहम्मद चीफमसूद अजहर के भाई ताहिर अनवर की मौत हो गई है। मसूद अजहर के बड़े भाई मोहम्मद ताहिर अनवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। भारतीय खुफिया एजेंसियों के सूत्रों ने भी अनवर की मौत की पुष्टि की है। हालांकि मोहम्मद ताहिर अनवर की मौत की वजह अभी तक साफनहीं हो पाई है। उसकी मौत के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई हैं। ताहिर अनवर जैश-ए-मोहम्मद के अंदर अहम भूमिका निभाता था और संगठन की गतिविधियों में सक्रिय था। सूत्रों के अनुसार, उसे पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित जैश के मुख्यालय में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

गृहमंत्री अमित शाह का संकल्प हुआ पूरा, बस्तर नक्सलमुक्त

# स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा आज का दिन : सीएम साय

**रायपुर, 31 मार्च।** छत्तीसगढ़ के इतिहास में 31 मार्च 2026 का दिन एक 'स्वर्ण अक्षरों' में लिखे जाने वाला दिन बन गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज आधिकारिक रूप से घोषणा की कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा साल 2024 में लिया गया 'नक्सलवाद समाप्ति का संकल्प' आज धरातल पर पूर्ण हो चुका है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए बेहद यादगार है। उन्होंने याद दिलाया कि गृहमंत्री अमित शाह ने वर्ष 2024 में यह संकल्प लिया था कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का जड़ से सफाया कर दिया जाएगा।



हमने अपनी आँखों से अमित शाह के संकल्प को पूरा होते देखा है। हमारे जवानों के अदम्य साहस और बलिदान के कारण ही आज नक्सलवाद इतिहास के पन्नों में सिमट गया है।

### बस्तर में बह रही है 'विकास की गंगा'

कभी बारूद के धुएं और हिंसा के लिए पहचाने जाने वाले बस्तर की बदली हुई तस्वीर पर सीएम ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा अब बस्तर के अंदरूनी इलाकों में डर का माहौल नहीं है, बस्तर में अब तेजी से सड़कों, स्कूलों और अस्पतालों का जाल बिछ रहा है, जिससे 'विकास की गंगा' घर-घर तक पहुँच रही है, नक्सलवाद के खात्मे के साथ ही छत्तीसगढ़ अब देश के सबसे सुरक्षित और प्रगतिशील राज्यों की श्रेणी में मजबूती से खड़ा है।

### कृतज्ञ छत्तीसगढ़: पूरे प्रदेश की ओर से धन्यवाद

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के रणनीतिक नेतृत्व और सुरक्षा बलों के जवानों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जवानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोकतंत्र की रक्षा की और बस्तर के आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने किया पानी बचाने से लेकर प्राकृतिक खेती का आह्वान

**नई दिल्ली, 31 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोबा पीठ में सम्राट सम्प्रति संग्रहालय का उद्घाटन करते हुए इसे भारतीय सांस्कृतिक विरासत और जैन दर्शन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बताया, जो देश की भव्यता को दर्शाता है। उन्होंने सम्राट सम्प्रति के अहिंसा के सिद्धांतों को याद किया और संग्रहालय को भारत के गौरवशाली अतीत की धरोहर कहा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरबा पीठ स्थित सम्राट संप्रति संग्रहालय की वास्तुकला और डिजाइन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह भारत की भव्यता और पहचान को खूबसूरती से प्रतिबिंबित करता है। 31 मार्च, 2026 को उद्घाटन समारोह में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि संग्रहालय की सात गैलरी देश की सांस्कृतिक समृद्धि और विविधता को दर्शाती हैं। इस दौरान मोदी ने कहा कि आज भगवान महावीर जयंती के पावन पर्व पर मुझे इस पवित्र जैन तीर्थ आने का सौभाग्य मिला है। सर्वप्रथम मैं भगवान महावीर के चरणों में प्रणाम करता हूं। मैं कोबा तीर्थ से सभी देशवासियों को भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं देता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि हजारों वर्ष की भारतीय विरासत, जैन धर्म का समयातीत ज्ञान, हमारी धरोहरें और उनसे मिलने वाली प्रेरणाएं... उन्हें आने वाली सदियों तक अमर बनाने के लिए, नए और आधुनिक रूप में अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए हमारे संतों ने इस जैन हेरिटेज म्यूजियम की संकल्पना की। आज यह संकल्पना एक भव्य रूप में साकार हो रही है। यह सम्राट संप्रति संग्रहालय, जैन दर्शन, भारतीय संस्कृति और हमारी प्राचीन धरोहर का एक पवित्र केंद्र बना है। मैं इस अद्वितीय प्रयास के लिए हमारे सभी जैन संतों का अभिनंदन करता हूं।

मोदी ने कहा कि सम्राट संप्रति संग्रहालय भारत के कोटि-कोटि लोगों की धरोहर है। ये भारत के गौरवशाली अतीत की धरोहर है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर कुछ शासकों ने हिंसा को हथियार बनाकर शासन किया, वहीं सम्राट संप्रति ने सिंहासन पर बैठकर अहिंसा का विस्तार किया। उन्होंने सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह का प्रचार-प्रसार किया। इतने निस्वार्थ भाव से शासन को सेवा का माध्यम मानकर जीवन जीना, यह सीख हमें भारत के अतीत से ही मिलती है।

उन्होंने कहा कि भारत में ज्ञान हमेशा से एक मुक्त प्रवाह रहा है। हर युग में तीर्थंकरों और ऋषियों-मनीषियों का अवतार हुआ। ज्ञान का संकलन बढ़ता चला गया। समय के साथ बहुत कुछ नया जुड़ता गया। आज का यह अवसर 9 संकल्पों को दोहराने का है।

**पीएम के संकल्प**



- » पानी बचाने का
- » एक पेड़ मां के नाम
- » स्वच्छता का मिशन
- » वोकल फॉर लोकल
- » देश दर्शन
- » प्राकृतिक खेती को अपनाना
- » स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना
- » योग और खेल को जीवन में लाना
- » गरीबों की सहायता का संकल्प
- » भारत की विरासत का संकल्प – जो आप सभी ने स्वयं से जोड़ लिया है।

## भूपेश बघेल ने दी अमित शाह को खुली बहस की चुनौती

**रायपुर, 31 मार्च।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज 31 मार्च है और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कथन अनुसार छत्तीसगढ़



में नक्सलवाद का आखिरी दिन है। कल लोकसभा में उन्होने झूठ बोला कांग्रेस की सरकार ने मद्द नहीं की। मैं चुनौती देता हूं कि अमित शाह को जिस मंच में जिस जगह में स्थान और समय तय कर ले मैं बहस के लिये तैयार हूं। लेकिन प्रदेश को और देश को गुमराह नहीं करना चाहिये। वह झूठ पे झूठ बोलते जा रहे है। नक्सलवाद के मामले में कांग्रेस का स्टैण्ड बहुत स्पष्ट रहा है और हमारी सरकार ने कांग्रेस के नीति के अनुरूप काम किया है। राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से हमने वहां के आदिवासियों को सम्पन्न बनाया। वनअधिकार पट्टे दिये, स्कूल खोले, उनके इलाज की व्यवस्था की, पीडीएस की दुकाने खोले, राशन कार्ड दिए, जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इसे महरूम रखा था, वंचित रखा था।

भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार ने सब काम किये एवं नक्सल मोर्चे पर दो तरह की रणनीति अपनाई, पहली बात है कि बस्तर आदिवासियों की विश्वास अर्जित करना और दूसरी बात जैसे-जैसे नक्सलवाद पीछे हटते गये वहां हमने विकास के कार्य किये। लोगो का विश्वास बढ़ा और मुख्यधारा में लोग लौटे नक्सलवाद पीछे हटा और 600 गांव हमने खाली करवाया। भूपेश बघेल ने कहा कि मैं अमित शाह से पूछना चाहता हूं कि शाह ने घोषणा किया था कि जिस गांव में नक्सलवाद मुक्त होगा उस गांव में हम 1 करोड़ रू. देगें।

# रायपुर-दुर्ग के बीच कुम्हारी पुल आज रात से 1 महीने के लिए बंद

**भिलाई/कुम्हारी, 31 मार्च।** रायपुर और दुर्ग-भिलाई के बीच सफर करने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। कुम्हारी में खारून नदी पर बने पुराने पुल की मरम्मत का काम शुरू होने जा रहा है। सुरक्षा और निर्माण कार्य के मद्देनजर, प्रशासन ने इस पुल को आज रात (31 मार्च) 10:30 बजे से पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया है। यह प्रतिबंध 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक, यानी पूरे एक महीने के लिए लागू रहेगा। सोमवार शाम को पुलिस और जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को परखने के लिए 'ट्रैफिक रिहर्सल' भी की, ताकि डायवर्जन के दौरान लोगों को कम से कम परेशानी हो।

**अब इन रास्तों से गुजरेंगी गाड़ियाँ**



पुल बंद होने के कारण रायपुर से दुर्ग और दुर्ग से रायपुर जाने वाली सभी छोटी-बड़ी गाड़ियों को डायवर्ट किया गया है।

**भारी वाहन (बस और ट्रक):** भारी वाहनों को कुम्हारी टोल प्लाजा के पास से डायवर्ट किया जाएगा। ये गाड़ियाँ टाटीबंध से होते हुए सिलतरा या आरंग वाले वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर सकती हैं।

**हल्के वाहन (कार और दुपहिया):** रायपुर से आने वाली गाड़ियाँ कुम्हारी फ्लाईओवर के ऊपर से सीधे निकल सकेंगी, लेकिन पुल के नीचे वाले पुराने रास्ते पूरी तरह बंद रहेंगे।

**वैकल्पिक मार्ग:** ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए प्रशासन ने अमलेश्वर-पाटन रोड और अहिवारा रोड को भी वैकल्पिक मार्ग के तौर पर तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

**ट्रैफिक रिहर्सल:** सोमवार को किए गए ट्रायल के दौरान अधिकारियों ने उन पॉइंट्स की पहचान की जहाँ जाम लगने की स्थिति बन सकती है। वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

## शीतला माता मंदिर में भगदड़ आठ महिलाओं की मौत

**बिहारशरीफ (नालंदा), 31 मार्च।** बिहार के नालंदा जिले के मघड़ा गांव स्थित प्रसिद्ध माता शीतलाष्टमी मंदिर में मंगलवार को चैत्र माह के आखिरी मंगलवार के अवसर पर एक बड़ा हादसा हो गया। मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच अचानक मची भगदड़ में 8 महिलाओं की दबकर मौत हो गई, जबकि 6 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

**मंगला मेला की भीड़ बनी हादसे का कारण :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शीतलाष्टमी और मंगला मेला के कारण मंगलवार सुबह से ही मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े थे। इसी दौरान अचानक अफरा-तफरी मची और लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे। देखते ही देखते स्थिति बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मंदिर और मेले को बंद करा दिया है।

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक, 6-6 लाख की सहायता राशि:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा करते हुए बताया कि प्रत्येक मृतक के परिवार को आपदा प्रबंधन विभाग से 4 लाख रुपये और मुख्यमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये (कुल 6 लाख रुपये) की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

**आस्था का केंद्र है मघड़ा का शीतला मंदिर:** बिहारशरीफसे लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर में शीतला अष्टमी पर विशेष पूजा की परंपरा है। इस दिन श्रद्धालु घरों में चूल्हा नहीं जलाते और माता को बासी (ठंडा) भोजन अर्पित करते हैं। इसी प्राचीन परंपरा के कारण हर साल यहाँ भारी भीड़ जुटती है, जो इस बार दुखद हादसे में बदल गई।

### लिएंडर पेस की भाजपा में एंट्री, बंगाल चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की चर्चा

**कोलकाता, 31 मार्च।** टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी लिएंडर पेस मंगलवार को बीजेपी में शामिल हो गए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव



से पहले उनका बीजेपी में शामिल होना बेहद अहम माना जा रहा है। लोग कयास लगा रहे हैं कि बंगाल विधानसभा चुनाव में उनकी अहम भूमिका हो सकती है। टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी लिएंडर पेस मंगलवार को बीजेपी में शामिल हो गए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले उनका बीजेपी में शामिल होना बेहद अहम माना जा रहा है। लोग कयास लगा रहे हैं कि बंगाल विधानसभा चुनाव में उनकी अहम भूमिका हो सकती है। पेस ने केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। टेनिस स्टार ने हाल ही में कोलकाता में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की थी, जिससे उनके पार्टी में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई थीं। पेस वर्ष 2021 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए थे और उन्होंने 2022 के गोवा विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी के लिए प्रचार किया था।

**PICTURE-स्टोरी**




रायपुर, 31 मार्च। भगवान महावीर की जयंती पर आज राजधानी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

### मुख्यमंत्री ने 370 नई एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी


**रायपुर, 31 मार्च।** प्रदेश में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक पहल की गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 300 बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं 70 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के सभी जिलों के लिए रवाना किया। इसके साथ ही 108 एम्बुलेंस की समस्त सेवाएं प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से प्रारंभ हो गई हैं, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता सुनिश्चित होगी। इस पहल के अंतर्गत पहली बार प्रदेश में 5 नियोनेटल ALS एम्बुलेंसों की शुरुआत की गई है, जो नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह सेवा राज्य की नवजात सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा गंभीर स्थिति में नवजात शिशुओं को सुरक्षित रूप से उच्च स्तरीय उपचार केंद्रों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर सुदृढ़ हो रही हैं और पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का भरोसा सरकारी अस्पतालों में लगातार बढ़ा है, जहां उन्हें समय पर उपचार मिल रहा है।

**हाईकोर्ट का बड़ा फैसला** | **प्रार्थना सभा आयोजित करने के लिए पूर्व से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं**

# निजी आवास में शांतिपूर्ण प्रार्थना सभा पर रोक नहीं लगा सकती पुलिस

**बिलासपुर, 31 मार्च।** हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि किसी व्यक्ति को अपने निजी आवास में शांतिपूर्ण तरीके से प्रार्थना सभा आयोजित करने के लिए पूर्व से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी की एकलपीठ ने यह फैसला सुनाते हुए पुलिस द्वारा जारी नोटिसों को निरस्त कर दिया और याचिकाकर्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान न करने के निर्देश दिए।

मामले में याचिकाकर्ताओं ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत याचिका दायर कर पुलिस थाना नवागढ़ द्वारा जारी नोटिसों को चुनौती दी थी। साथ ही 7 दिसंबर 2025 के एक आदेश को निरस्त करने और अपने धार्मिक अधिकारों की रक्षा की मांग की थी।



याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि उनके मुवक्किल ग्राम गोधन, तहसील एवं थाना नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा में अपने अपने आवास के वैध स्वामी हैं। दोनों याचिकाकर्ता आपस में रिश्तेदार हैं और उन्होंने अपने मकान की पहली मंजिल पर एक हॉल बनाकर वर्ष 2016 से ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए प्रार्थना सभा आयोजित कर रहे हैं। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि इन सभाओं में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या शांति भंग नहीं होती, इसके बावजूद थाना नवागढ़ के प्रभारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 94 के तहत बार-बार नोटिस जारी कर प्रार्थना सभा पर रोक लगाने का प्रयास किया। साथ ही ग्राम पंचायत गोधन द्वारा पहले जारी 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' को भी दबाव में वापस ले लिया गया। वहीं राज्य की ओर से अधिवक्ता ने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं और वे जेल भी जा चुके हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रार्थना सभा आयोजित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से कोई पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी, इसलिए पुलिस द्वारा नोटिस जारी किए गए। राज्य ने जवाब दाखिल करने के लिए समय भी मांगा।

### ढाई दशक पुराने फर्जी वेतन घोटाले में सभी आरोपी बरी

जगदलपुर के ढाई दशक पुराने बहुचर्चित फर्जी वेतन आहरण और भ्रष्टाचार के मामले में हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में विफल रहा। केवल संदेह के आधार पर सजा नहीं दी जा सकती। मामला जगदलपुर स्थित स्वास्थ्य विभाग में वर्ष 1979 से 1985 के बीच कथित रूप से फर्जी वेतन बिल बनाकर सरकारी राशि निकालने से जुड़ा था, जिसमें करीब 42 हजार रुपये के गबन का आरोप था। अभियोजन के अनुसार, तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सेन और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों पर आरोप था कि उन्होंने मिलकर तीन सफाई कर्मचारी जयसिंह, लालमणि और मयाराम के नाम पर फर्जी वेतन बिल तैयार किए। कहा गया कि ये कर्मचारी वास्तविक रूप से काम नहीं कर रहे थे, फिर भी उनके नाम पर वेतन निकालकर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया। आरोप यह भी था कि वेतन बिलों में फर्जी हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लगाए गए। जगदलपुर की विशेष अदालत ने 28 जनवरी 2002 को इस मामले में आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467, 468 (जालसाजी), 471 (फर्जी दस्तावेज का उपयोग) और 120-बी (साजिश) सहित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 2-2 साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई थी।

# छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म : शर्मा

**रायपुर, 31 मार्च।** उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। छत्तीसगढ़ से सशक्त नक्सल कैडर खत्म हो गया है। कार्यक्रम में गृहमंत्री विजय शर्मा ने आगे कहा कि 50 वर्षों का संघर्ष दो वर्ष में खत्म हुआ। बस्तर की जनता ने अब नक्सलवाद को नकार दिया है। सरकार ने नक्सल को लेकर चर्चा के सारे विकल्प खुले रखे थे। आर्म्स फोर्स की ऑपरेशन में बड़ी सफलता रही। उनके अदम्य साहस को सलाम है। आज प्रेस क्लब में आयोजित हमर पहुना कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि विपक्ष ने सहयोग देने की बजाय एनकाउंटर को लेकर आरोप लगाया। इसके जवाब में नक्सली प्रेस नोट भी जारी किया था। पर आज विपक्ष को भी बस्तर की जनता ने जवाब दे दिया है। हमने ग्राम पंचायतों के पदाधिकारियों से बातचीत की। नक्सल उन्मूलन में स्थानीय पत्रकारों की अहम



भूमिका रही। रायपुर प्रेस क्लब में डिप्टी सीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि आज बस्तर में शांति है। बस्तर पंण्डुम , बस्तर ओलंपिक का आयोजन हो रहा है। प्रदेश की नक्सल पुनर्वास नीति बेहद कारगर रही। लोगों को जागरूक करने स्थानीय बोली, भाषा, रेडियो को महत्व दिया गया। कार्यक्रम में गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरेंडर नहीं ससम्मान आत्मसमर्पण का नाम दिया। दो हजार से ज्यादा नक्सली सरेंडर किए। बस्तर के लोगों ने कहा कि हम आज आजाद हुए हैं। राजा सलाम जैसे कई लोग नक्सलवाद का दंश झेला है। जल, जंगल, जमीन, पशु, पक्षी, जानवर सब लोग नक्सल आतंक से पीड़ित रहे हैं।

## एक नजर

### म्यूल खाता के मामले में 10 गिरफ्तार



**भिलाई, 31 मार्च (तछसं.)।** भिलाई म्यूल अकाउंट से साइबर ठगी करने वाले 10 आरोपियों को मोहननगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से प्राप्त लगभग 86.33.247 रुपये की अवैध राशि खातों में ट्रांसफर किया गया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना मोहन नगर क्षेत्र अंतर्गत कर्नाटक बैंक शाखा स्टेशन रोडए दुर्ग में संचालित कुल 111 बैंक खातों का विश्लेषण किया गया जांच में पाया गया कि इन खातों का उपयोग देश के विभिन्न स्थानों से साइबर ठगी की राशि को प्राप्त करने हेतु किया जा रहा थाए जिसमें कुल लगभग 86ए33ए247 रुपये का अवैध लेन.देन पाया गया। प्रकरण में धारा 317.2, 317.4, 318.4 61.2 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान खाताधारकों की पहचान कर मधु साहू 45 साल ज्योति गौतम 28 साल फरहद खान 56 साल भूपेश गोहिल 51 साल अजय कुमार उर्फ मोनू 29 साल द्धए मसीर आलम 27 साल नवीन भागवत 24 वर्ष भूपेंद्र कुमार टंडन 36 वर्ष,संतोष बिसाई 28 साल व हीरा सिंह 55 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की इनके विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर सभी को गिरफ्तार किया है

### निगम ने बकाया संपत्ति कर जमा करने लोगों से की अपील

**भिलाई, 31 मार्च।** नगर निगम ने अपने वित्तीय संसाधनों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बकाया संपत्तिकर दाताओं को अंतिम सूचना जारी की है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने लंबित संपत्तिकर का भुगतान अनिवार्य रूप से कर दें। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि के बाद कर जमा करने पर 18 प्रतिशत अधिभार के साथ 1000 रुपये का पेनाल्टी शुल्क लगाया जाएगा। वहीं, 31 मार्च तक कर जमा करने वाले करदाताओं को किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। अवकाश के दिनों में भी संपत्तिकर काउंटर खुले रखे गए हैं, ताकि अधिक से अधिक नागरिक समय सीमा के भीतर अपना बकाया कर जमा कर सकें। निगम ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और जल्द से जल्द भुगतान कर अनावश्यक आर्थिक भार से बचें।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए प्रवेश चयन परीक्षा 10 मई को

**दुर्ग, 31 मार्च ।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2026 तक निर्धारित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट एवं एनडीए की तैयारी कराना है। प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।आवेदन प्रक्रिया 24 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2026 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार की सुविधा 18 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में सशक्त हो रहे ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 31 मार्च।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, अधोसंरचना निर्माण एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर स्वीकृति मिल रही है। उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों की सुविधा व उनकी बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करते हुए विधायक निधि से 1 करोड़ 48 लाख 4 हजार रु. की स्वीकृति दी है वहीं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 12 विकास व अधोसंरचना निर्माण हेतु ?1 करोड़ 30 लाख 65 हजार और मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत पंडरिया विधानसभा में 6 ग्राम पंचायतों में सीसी रोड सह नाली निर्माण हेतु ?1करोड़ 24 लाख 19 की स्वीकृति मिली है। इस प्रकार कुल ?4 करोड़ 2 लाख 88 हजार की स्वीकृति मिली है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को मजबूती मिलेगी साथ ही जनता को सुगम आवागमन व मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कह कि अंत्योदय के लक्ष्य और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण हेतु कटिबद्ध डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा, निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत पंडरिया विधानसभा में सीसी रोड सह नाली निर्माण हेतु ?1करोड़ 24 लाख 19 हजार रुपए की सौगात देने के लिए मैं उनका



हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। इसके साथ ही राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा ?1 करोड़ 30 लाख 65 हजार की स्वीकृति से विभिन्न ग्रामों में सी.सी. रोड, नाली व पुलिया निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने के लिए मैं माननीय राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी का भी आभार व्यक्त करती हूं। इन विकास कार्यों से गांवों में बेहतर सुविधा, बारिश के समय जलभराव से राहत, किसानों, विद्यार्थियों और आमजनों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। हर गांव तक सुविधाओं का विस्तार करना और जनाकांक्षाओं को पूरा करना ही हमारा लक्ष्य है इसके लिए विधायक निधि से 1 करोड़ 48 लाख 4 हजार रु. की स्वीकृति से गाँव-गाँव तक विकास सुनिश्चित होगा। जनता को योजनाओं का लाभ मिले, नगर व गांव का सर्वांगीण विकास हो, अधोसंरचना निर्माण से क्षेत्र की प्रगति निरंतर जारी रहे और पंडरिया विधानसभा समृद्ध हो इसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास हेतु पंडरिया विधानसभा में राजस्व एवं आपदा विभाग अंतर्गत ग्रा.पं. कुंडा में संतोष चंद्रसेन के घर से मेनरोड की ओर सीसी रोड निर्माण, ग्रा.पं. कोसमन्दा में समतलीकरण कार्य स्कूल मैदान सह गौठान मुरमीकरण, ग्रा.पं. दामापुर में बस स्टैण्ड के अंदर सी.सी रोड निर्माण, ग्रा.पं.छितापारकला में संतोष चन्द्राकर के घर से पानी टंकी की ओर सी.सी. रोड निर्माण, ग्रा.पं. मैनपुरा में पीलाराम के घर से घनश्याम के घर की ओर सीसी रोड निर्माण, ग्रा.पं.बिरहुलडीह में मेनरोड से दुर्जन के घर की ओर सी.सी रोड निर्माण, ग्रा.पं.कामठी में सुकालू धुर्वे के घर से संतराम की ओर सी.सी. रोड निर्माण, ग्रा.पं.धोबघट्टी में देशराम के घर से ठाकुरदेव की ओर सी.सी. रोड निर्माण, ग्रा.पं.गेगड़ा में मेनरोड से दुखु निषाद के घर तक सी.सी. रोड निर्माण एवं ग्रा.पं.डौकाबांधा में रघुराम के घर से विश्वनाथ के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है।

## पंजाब से ड्रग सप्लाई के मामले में 3 तस्कर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 31 मार्च।** भिलाई खुर्सीपार थाने पुलिस ने पंजाब से भिलाई-दुर्ग में ड्रग्स सप्लाई करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा कर 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है इन आरोपियों के पास से 43 ग्राम से ज्यादा हेरोइन जब्त की गई है जिसकी बाजार में कीमत करीब 8 लाख 65 हजार रुपए आंकी गई है पकड़े गए आरोपियों में मुख्य सप्लायर पंजाब के अमृतसर का रहने वाला है, जो दुर्ग में रहकर नशे का नेटवर्क चला रहा था खुर्सीपार टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि खुर्सीपार इलाके के मिनी स्टेडियम के पास बने सुलभ शौचालय के करीब कुछ लोग संदिग्ध हालत में खड़े हैं और उनके पास ड्रग्स है वे किसी ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं ताकि ड्रग्स की पुड़िया बेच सकें सूचना मिलते ही खुर्सीपार पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हुई पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर मिनी स्टेडियम के पास पके पास से तीन युवकों को धर दबोचा। जब पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से सफेद रंग का पाउडर मिला, जो जांच करने पर हेरोइन निकला जब पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की तो नशे की इस पूरी चेन का खुलासा हुआ हुआ इस गैंग का मुख्य सरगना विजय सिंह (26 साल ) निकला विजय सिंह मूल रूप से पंजाब के अमृतसर जिले के कलसिया थाने के कलेर गुमान इलाके का रहने वाला है वह पिछले कुछ समय से खुर्सीपार के एचसीएल कॉलोनी इलाके में रह रहा था। विजय ही वह कड़ी था, जो पंजाब से ड्रग्स लाकर दुर्ग-भिलाई के लोकल युवाओं को सप्लाई करता था विजय के साथ पकड़े गए बाकी दो आरोपी दुर्ग जिले के ही हैं। इनमें से एक मीर नौशाद अली (26 साल ) है, जो वैशाली नगर के जवाहर नगर का रहने वाला है वहीं तीसरा आरोपी सुरेंद्र क्षत्रिय (23 साल ) है, जो वह भी जवाहर नगर इलाके के वांबे आवास में रहता है ये दोनों विजय से माल लेकर आगे पुड़िया बनाकर बेचते थे खंगाल रही और कितने लोग पंजाब वाले नेटवर्क से जुड़े खुर्सीपार टीआई ने बताया कि इन तस्करों के पास से कुल 43.14 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इस ड्रग्स की कीमत 8 लाख 65 हजार 800 रुपए बताई गई है। इसके अलावा इनके पास से नशीला पदार्थ बेचकर कमाए गए 3 हजार 640 रुपए नकद भी मिले हैं। आरोपियों के पास से 5 मोबाइल भी जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत करीब 24 हजार 500 रुपए है। इस तरह पुलिस ने कुल 8 लाख 90 हजार 940 रुपए का माल जब्त किया है। अब पुलिस इनके जब्त किए गए मोबाइल जानकारी खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शहर में और कितने लोग इस पंजाब वाले नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।

### स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया 296 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण

**दुर्ग, 31 मार्च ।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर के सहयोग से मानस भवन (रविशंकर स्टेडियम के पास) में आयोजित किया गया।विगत दिवस भिलाई-03, नगर पालिक निगम सुपेला भिलाई और जिला पंचायत परिसर में दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकन शिविर लगाए गए थे। साथ ही 18 से 20 फरवरी तक मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया था। कार्यक्रम में कुल 296 हितग्राहियों को 584 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें बैसाखी 86, व्हीलचेयर 41, मोटराइज्ड ट्राइसायकल 68, श्रवण यंत्र 128, स्मार्टफोन सीपी व्हीलचेयर 4 और रोलैटर 5 शामिल हैं।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने केंद्रीय जेल दुर्ग का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 मार्च।** केंद्रीय जेल दुर्ग का निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला प्रकोष्ठ में निरुद्ध बंदियों से उनके प्रकरणों की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को जाना। न्यायाधीश ने पुनर्वास योजनाओं के अंतर्गत कम्प्यूटर प्रशिक्षण, एलईडी बल्ब निर्माण, आचार एवं फर्नीचर निर्माण जैसे कार्यों में लगे बंदियों से भी बातचीत की। उन्होंने सजायाफ्ता बंदियों के अपील संबंधी प्रकरणों को अद्यतन रखने और बंदियों को उनकी वर्तमान स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी दैनिक



दिनचर्या एवं समस्याओं की जानकारी ली तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी। जिन बंदियों के पास निजी अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई। जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि जिन बंदियों को परिहार का लाभ मिल सकता है, उनके लंबित आवेदनों की जानकारी कारण सहित प्राधिकरण को भेजी जाए। साथ ही स्वच्छता, पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य जांच और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, बंदियों के डेटा (ट्रायल स्थिति, जमानत, सजा अवधि) को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सत्यापित कर लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अन्य न्यायिक अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, जेल अधीक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हॉट मेटल उत्पादन में 6 मिलियन टन का नया कीर्तिमान स्थापित



**भिलाई, 31 मार्च।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में हॉट मेटल उत्पादन में 6 मिलियन टन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि संयंत्र की परिचालन उत्कृष्टता, तकनीकी दक्षता और सामूहिक प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि संयंत्र ने वर्ष 2005-06 में पहली बार 5 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया था, जब सात ब्लास्ट फर्नेस संचालित थे। वर्तमान में मात्र चार ब्लास्ट फर्नेस के संचालन के साथ 6 मिलियन टन का यह माइलस्टोन प्राप्त करना संयंत्र की उन्नत तकनीक, बेहतर प्रबंधन और उच्च कार्यकुशलता को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा वरिष्ठ प्रबंधन ने ब्लास्ट फर्नेस टीम और सभी हितधारकों को उनके समर्पण एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी। प्रबंधन ने ब्लास्ट फर्नेस के निरंतर बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे भविष्य की प्रगति के लिए एक नया मानक बताया और टीमों को इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ते हुए और उच्च उत्पादन लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

### गैस एजेंसी एवं होटलों से घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



**महासमुंद 31 मार्च ।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री विनय लंगेह के द्वारा जिले में संचालित समस्त गैस एजेन्सियों को अपने स्टॉक की जानकारी को अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया था, जिसके परिपेक्ष्य में खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा गत दिवस विकासखण्ड बसना स्थित गैस एजेन्सी बंसुलीडीह इंडेन ग्रामीण वितरण की जांच किया गया। जांच में एजेंसी में स्टॉक मूल्य बोर्ड अद्यतन नही किया जाना एवं स्टॉक पंजी संधारण नही जाना पाया गया। स्टॉक के भौतिक सत्यापन करने पर स्टॉक में सर्वर अनुसार एवं भौतिक रुप में पाये स्टॉक में अंतर पाया गया ।

## सिंटर प्लांट में नई डस्ट डिस्पोजल कन्वेयर बेल्ट की सफल कमीशनिंग



**भिलाई, 31 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 की मशीन-2 में नई डस्ट डिस्पोजल कन्वेयर बेल्ट का कमीशनिंग एवं उद्घाटन किया गया। यह उपलब्धि संयंत्र की संचालन प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ाने और अनुरक्षण दक्षता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ महाप्रबंधक आई. वी. रमण द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीस, महाप्रबंधक प्रभारी राहुल बिजुरकर तथा महाप्रबंधक ए. के. बेडेकर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह परियोजना पूर्णतः इन-हाउस रही, जिसे एरिया रिपेयर शॉप एवं प्लानिंग टीम के सहयोग से, जेईए लालदीप एवं बी. एल. वर्मा के पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया। सिंटर प्लांट के मुख्य ईएसपी क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन नई प्रणाली से कार्यस्थल को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाने में मदद मिलेगी। नई कन्वेयर बेल्ट प्रणाली पारंपरिक चेन कन्वेयर की तुलना में कम लागत और कम अनुरक्षण की सुविधा प्रदान करती है। अब अनुरक्षण कार्य संयंत्र के संचालन के दौरान ही किया जा सकेगा, जबकि पहले यह केवल शटडाउन के समय संभव था। साथ ही, यह प्रणाली स्वचालित डस्ट डिस्पोजल सुनिश्चित करती है, जिससे जेसीबी और डंपर जैसे बाहरी संसाधनों पर निर्भरता समाप्त होगी। परियोजना को सफल बनाने में महाप्रबंधक आर. डी. शर्मा, उप महाप्रबंधक एम. यू. राव, सहायक महाप्रबंधक डी. के. गुप्ता एवं एस. सी. साहू, तथा वरिष्ठ एवं सहायक प्रबंधकों की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 1 अप्रैल को प्रेस क्लब में पुस्तक विमोचन एवं कवि गोष्ठी

**राजनंदगांव।** साकेत साहित्य परिषद के 27वें वर्ष पूर्ण होने के अवसर 1 अप्रैल को प्रेस क्लब भवन राजनांदगांव में दोपहर 2ः00 बजे से साहित्यिक संगोष्ठी ,पुस्तक विमोचन, एवं काव्य पाठ आयोजित किया गया है द्य साकेत साहित्य परिषद सुरगी के उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना ने बताया उक्त आयोजन में कार्यक्रम दो सत्र में होगा। पहले सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर साहू एवं स्व. यशवंत मेश्राम कीपुस्तकों का विमोचन होगा जिनके नाम है - लोक संगीत सम्राट खुमान साव पर केंद्रित स्मृतियों केसुवासित पुष्प, कुबेर की रचनाओं में समकालीनता एवं समकालीन समीक्षा दृष्टि , आलोचना के मापदंड- हत्या , मैक्सिम गोर्की की कहानियों का छत्तीसगढ़ी अनुवादबाज के कहानी दूसर कहानी संकलन का विमोचन होगा। विमोचित किताब पर अतिथियों का उद्बोधन होगा और द्वितीय सत्र में उपस्थित कवियों द्वारा कविता पाठ किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ दादूलाल जोशी वरिष्ठ साहित्यकार फरहद,मुख्य अतिथि सचिन अग्रहरि अध्यक्ष प्रेस क्लब राजनंदगांव, जितेंद्र मिश्रा कवि एवं ब्यूरो चीफ नवभारत राजनंदगांव , विशिष्ट अतिथि एवं वक्त के रूप में डॉक्टर जय प्रकाश साहू अधिकारी केसीजी उपस्थित रहेंगे।

## समाचार संक्षेप

### रामकृष्ण स्कूल वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित




**कवर्धा, 31 मार्च (तछसं.)।** श्री रामकृष्ण विद्यालय में शिक्षक-पालक सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा के परिणाम भी घोषित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों के स्वागत से हुई। प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक और पालक के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है।सम्मेलन के दौरान कक्षा शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम, उनकी उपलब्धियों एवं सुधार के क्षेत्रों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। अभिभावकों ने भी शिक्षकों से संवाद कर बच्चों के बेहतर मार्गदर्शन हेतु सुझाव प्राप्त किए।परीक्षा परिणाम घोषित होने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी गई तथा अन्य विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### स्वदेशी मेला में पर्यावरण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए हरीतिमा टीम का सम्मान




**कवर्धा, 31 मार्च (तछसं.)।** कवर्धा के पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेला के भव्य मंच से हरीतिमा टीम को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेसर पटेल एवं पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य भगत पटेल के करकमलों से मोमेंटो प्रदान कर दिया गया–जो हरीतिमा टीम के निरंतर समर्पण, मेहनत और प्रकृति के प्रति प्रेम का सच्चा सम्मान है । रूप जीवन हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर अतुल जैन , हरीतिमा टीम संस्थापक अजय लूनिया , सदस्य सुनील दोषी एवं कवर्धा वासी उपस्थित रहे ।

### अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 31 मार्च (तछसं.)।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के अवैध शराब बिक्री करते आरोपी को रंगे हाथ उतई पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 29 पौवा देशी मदिरा बिक्री रकम एवं प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद किया है उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री की सूचना मिली सूचना पर पुलिस टीम राठी कॉम्प्लेक्स के पास ग्राम चुनकट्टा में घेराबंदी कर हरेन्द्र कुमार बंजारे (27 साल ) निवासी बाजार चौक ग्राम चुनकट्टा को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध शराब एवं अन्य सामग्री बरामद की गई। प्रकरण में धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ।



### भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक पर पालकी शोभायात्रा निकाली गई





**कवर्धा, 31 मार्च (तछसं.)।** कवर्धा में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे नगर में धार्मिक एवं उत्सवी माहौल देखने को मिला। पालकी में विराजमान भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के साथ भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण करते रहे।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, हरितिमा टीम के संस्थापक अजय लूनिया, टीम सदस्य सुनील दोषी सहित बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया तथा समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

### नगर सेवाएं विभाग ने किया स्वच्छता संकल्प समारोह आयोजित



**भिलाई, 31 मार्च।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग एवं पीएचडी अनुभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नगर सेवाएं परिसर में स्वच्छता संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी ए. बी. श्रीनिवास रहे। अपने संबोधन में श्रीनिवास ने पीएचडी विभाग द्वारा संचालित स्वच्छता व्यवस्था की सराहना करते हुए टाउनशिप की सफाई प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण पर जोर दिया तथा मार्गों के किनारे कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने डेंगू रोकथाम एवं नियंत्रण अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने का भी आह्वान किया। इसके अंतर्गत नगर क्षेत्र में मच्छर नाशक द्रव्यों का नियमित छिड़काव, जलजमाव की रोकथाम तथा जन जागरूकता गतिविधियों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया गया।

# राजस्व पखवाड़ाः गांव-गांव में शिविर का आयोजन कर प्रकरणों का होगा निराकरण

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायगढ़, 31 मार्च ।** जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत गांव-गांव में राजस्व शिविर आयोजित कर किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा तीन चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, द्वितीय चरण 04 मई से 18 मई तथा तृतीय चरण 01 जून से 15 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित एवं परिणाममुखी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व अमला गांव स्तर पर पहुंचकर लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। अभियान के तहत अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटांकन, व्यपवर्तन इत्यादि से संबंधित समय-सीमा से बाहर प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। साथ ही फौती नामांतरण, बंटवारा एवं अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का ऑनलाइन पंजीयन, नोटिस जारी कर सुनवाई एवं निराकरण भी शिविर स्थल पर ही किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शिविरों में आने वाले किसानों और ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कोटवारों एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिकाधिक हितग्राही इसका लाभ उठा सकें।

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लैलूंगा वन परिक्षेत्र अंतर्गत हाथी प्रभावित गांवों में हाईमास्ट लाइट की व्यवस्था, औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा, सतत निरीक्षण एवं निगरानी एवं भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन, जनगणना की तैयारी, जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण, समग्र शिक्षा एवं आयुष्मान कार्ड जैसे महत्वपूर्ण विषयों की भी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान पीएम गति शक्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मास्टर प्लान निर्माण एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया गया। रायपुर से अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया।

# आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 405 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार

**रायगढ़, 31 मार्च।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. सी.एस. गौराहा के मार्गदर्शन में विकासखंड पुसौर के दूरस्थ ग्रामों में आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. अजय नायक के नेतृत्व में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें उचित परामर्श और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया। इन शिविरों में कुल 405 रोगियों का उपचार किया गया। शिविर में डॉ. जागृति पटेल द्वारा जोड़ों के दर्द, अस्थि-संधि विकार, वृद्धजन स्वास्थ्य समस्याएं, जीवनशैली जनित रोग, आहार-विहार, योगासन, स्वच्छता एवं नशामुक्ति जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, आवश्यकतानुसार पंपलेट वितरित कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। मार्च माह के दौरान कठली, टपरदा, सिंगपुरी, चंघोरी, परसापाली, बराडोली, कोलता पारा, स्कूल पारा एवं बुनगा जैसे गांवों में शिविर लगाए गए।
















## संपादकीय

# जनजातीय खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिला

छत्तीसगढ़ में देश के पहले खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स का शुभारंभ हुआ यह राज्य के लिए गौरव की बात है।इस आयोजन में 30 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 2500 खिलाड़ी 9 खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।माना जाता है कि जनजातीय खिलाड़ियों को उनकी खेल प्रतिभा को दिखाने का ज्यादा मौका नहीं मिलता है, इस आयोजन से उनको अब साल में एक बार अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।इससे उनकी अब राज्यस्तर पर पहचान बनेगी और उनको राज्य से आगे के खेल मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका भी मिलेगा।साय सरकार के आने के बाद जनजातीय समाज को उठाने का जो प्रयास किया गया है, उस कड़ी में खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स एक अहम पड़ाव है।साय सरकार ने कहा है कि यह आयोजन अब हर साल होगा इससे जनजातीय खिलाड़ियों को हर साल अपनी खेल प्रतिभा को दिखाने व निखारने का मौका भी मिलेगा।

इस आयोजन की शुरुआत पर सीएम साय ने कहा है कि खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स एक आयोजन नहीं है यह एक आंदोलन की शुरुआत है।यह एक ऐसा आंदोलन है जो संदेश देता है कि प्रतिभा की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती।उत्कृष्टता की कोई हद नहीं होती। जनजातीय भारत का दिल भी उतनी ही मजबूती से धड़कता है जितना देश के अन्य हिस्सों में धड़कता है।रायपुर के मैदानों से लेकर बस्तर के हरे भरे क्षेत्रों व अंबिकापुर के ऊंचे इलाकों तक जनजातीय समुदायों में स्वाभाविक व अद्भुत खेल प्रतिभा मौजूद है।जो परंपराओं व संघर्षों से निखरी है । उनको अपनी प्रतिभा दिखाने का जितना मौका मिलेगा वह और निखरेगी और प्रदेश व देश का गौरव हर मंच पर बढ़ाएगी। छत्तीसगढ़ की करीब 200 सदस्यीय टीम इसमें हिस्सा ले रही है।इसमें 165 खिलाड़ी हैं, जिसमें 87 पुरुष व 78 महिला खिलाडी हैं।छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी फुटबाल, हाकी, एथलेटिक्स, तैराकी, तीरंदाजी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती में भाग ले रहे हैं।इन खेलों में तैराकी में 24, कुश्ती में 18, वेटलिफ्टिंग में 16, तीरंदाजी में 10, एथलेटिक्स में 34, हाकी में 2 व फुटबाल में 2 स्वर्णपदक दांव पर है। सभी राज्यों के खिलाड़ी स्वर्ण के साथ रजत व कांस्य पदक जीतने का प्रयास कर रहे हैं।

राज्य में हो रहे खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में छत्तीसगढ़ की दो आदिवासियों बेटियों ने साबित किया है कि इरादा कुछ कर गुजरने का हो तो सफलता जरूर मिलती है।शनिवार को निकिता ने 77 किलो वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता।वहीं रविवार को रिशिका ने 86 किला वर्ग में रजत पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है।वहीं लक्की बाबू मरकाम ने कांस्यपदक जीता है।इस तरह 29 मार्च तक छत्तीसगढ़ ने एक गोल्ड, 5 सिल्वर व 4 कांस्य पदक जीते हैं। यह दूसरे राज्यों की तुलना में बहुत कम लगता है लेकिन यह तो शुरुआत है। किसी को भी शुरूआत में बड़ी सफलता नहीं मिलती है। इस आधार पर यह कहा जा सकता है। राज्य के जनजातीय खिलाड़ियों को अब हर साल मौका मिलेगा तो वह भी एक दिन राज्य के लिए ज्यादा स्वर्ण, ज्यादा रजत व ज्यादा कांस्य पदक जीतेंगे।

पदक सूची में पहले नंबर पर स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक सबसे ज्यादा कर्नाकट ने 25 पदक जीते हैं, इसमें सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक है। इससे पता चलता है कि यहां की सरकार ने अपने खिलाड़ियों को खूब तैयारी करा कर भेजा है। खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई है। उसके बाद ओड़िशा व असम के खिलाड़ियों ने कुल 20 से ज्यादा पदक जीतकर अपने राज्य का गौरव बढ़ाया है।इससे साफहो जाता है कि जिस राज्य ने अपने खिलाड़ियों को संवारने, निखारने का ज्यादा प्रयास किया है, उसके खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन कर साबित किया है कि प्रतिभा होना काफी नहीं होता है, उसे संवारने व निखारने का प्रयास भी करना पड़ता है। उसके लिए हर तरह के सुविधा साधन की जरूरत होती है। खेल मैदानों की जरूरत होती है, प्रशिक्षकों की जरूरत होती है।तैराकी में कर्नाटक के खिलाड़ी मणिकांता एल ने 8 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। इससे साफ हो जाता है कि प्रतिभावान खिलाड़ी को ठीक से संवारा व निखारा जाए तो वह एक नहीं कई गोल्ड पदक राज्य के लिए जीत सकता है।

छत्तीसगढ़ में खेल और खिलाड़ियों के लिए जिस तरह के सुविधा से साधनों की जरूरत है, उसकी कमी का एहसास होता है।इससे राज्य की खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का पूरा मौका नहीं मिल पाता है। राज्य में खेल प्रतिभा तो है लेकिन उनको संवारने व निखारने के लिए जितने सुविधा साधन है उससे और ज्यादा सुविधा साधन की जरूरत है।खेल के लिए 300 करोड़ का बजट सुनने में ज्यादा लगता है लेकिन हकीकत यह है कि राज्य के कुल बजट का यह 0.2 प्रतिशत ही है। खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देना है तो इस बजट को और बढ़ाना होगा और खेल तथा आयोजन के पहले अच्छी तैयारी करनी होगी। यानी हमें खेल का आयोजन ही नहीं करना है, आयोजन कर रहे हैं तो हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी सबसे अच्छा होना चाहिए। पदक सूची में छत्तीसगढ़ को पहले पांच स्थान पर होना चाहिए। यह राज्य सरकार व खिलाड़ियों का लक्ष्य होना चाहिए।छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी जब ज्यादा गोल्ड मेडल जीतेंगे तब यह माना जाएगा कि सरकार ने खेल व खिलाड़ियों के शानदार काम किया है।

# महिलाओं की सुरक्षा का असली रास्ता क्या है?

**विश्लेषण**

**डॉ. प्रियंका सौरभ**



भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर बहस कोई नई बात नहीं है। समय-समय पर यह प्रश्न उठता रहा है कि क्या महिलाओं को दी गई आधुनिक स्वतंत्रता वास्तव में उनके लिए लाभकारी है, या फिर यह उन्हें शोषण के अधिक जोखिम में डाल रही है। हाल ही में घटित घटनाओं और उन पर समाज की प्रतिक्रियाओं को देखते हुए यह बहस फिर से तेज हो गई है। कुछ लोग मानते हैं कि महिलाओं की बढ़ती स्वतंत्रता ही उनके शोषण का कारण बन रही है, जबकि अन्य इसे एक संकीर्ण और गलत दृष्टिकोण मानते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि इस विषय को भावनाओं के बजाय तर्क, तथ्यों और संतुलित दृष्टि से समझा जाए।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि शोषण का मूल कारण क्या है। क्या वास्तव में किसी महिला का पढ़ा-लिखा होना, आत्मनिर्भर होना या स्वतंत्र रूप से जीवन जीना उसके शोषण का कारण बन सकता है? इसका सीधा और स्पष्ट उत्तर है–नहीं। शोषण का कारण हमेशा उस व्यक्ति की मानसिकता होती है जो अपराध करता है। जब कोई व्यक्ति किसी महिला के साथ गलत व्यवहार करता है, तो उसकी जिम्मेदारी केवल और केवल उसी व्यक्ति की होती है। इसे महिला की स्वतंत्रता या उसके व्यवहार से जोड़ना न केवल गलत है, बल्कि यह पीड़िता को ही दोषी ठहराने जैसा है।

समाज में एक धारणा यह भी है कि यदि महिलाएं पिता, भाई या पति की निगरानी में रहें, तो वे अधिक सुरक्षित रहती हैं। यह विचार पारंपरिक सोच से उत्पन्न हुआ है, जहां सुरक्षा और नियंत्रण को एक ही माना गया। लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है। अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां महिलाओं के साथ शोषण उनके परिचितों या परिवार के भीतर ही हुआ है। इसका अर्थ यह है कि केवल निगरानी या नियंत्रण सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता। सुरक्षा का संबंध व्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने से नहीं, बल्कि समाज में न्याय, कानून और जागरूकता की मजबूती से है।

यह भी कहा जाता है कि महिलाएं स्वभाव से भावुक होती हैं और इसी कारण वे आसानी से किसी के प्रभाव में आ जाती हैं। हालांकि यह आंशिक रूप से सही हो सकता है कि महिलाएं भावनात्मक रूप से अधिक अभिव्यक्त होती हैं, लेकिन इसे उनकी कमजोरी मान लेना एक बड़ी भूल है। भावनाएं मानव स्वभाव का हिस्सा हैं, चाहे वह पुरुष हो या महिला। असल समस्या तब उत्पन्न होती है जब कोई व्यक्ति इन भावनाओं का गलत फायदा उठाता है। इसलिए समाधान यह नहीं है कि महिलाओं की भावनाओं को दबा दिया जाए या उनकी स्वतंत्रता सीमित कर दी जाए, बल्कि यह है कि समाज में ऐसे लोगों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाए जो दूसरों का शोषण करते हैं।

आधुनिक समाज में महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और अपने निर्णय लेने का अधिकार मिला है। यह एक सकारात्मक परिवर्तन है, जिसने उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है। लेकिन इसके साथ ही कुछ चुनौतियां भी आई हैं। स्वतंत्रता का सही उपयोग करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। यह केवल महिलाओं पर ही नहीं, बल्कि पुरुषों पर भी लागू होता है। यदि कोई व्यक्ति गलत निर्णय लेता है, तो उसका परिणाम उसे भुगतना पड़ सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि स्वतंत्रता ही गलत है। स्वतंत्रता का दुरुपयोग और स्वतंत्रता स्वयं–दोनों में अंतर समझना आवश्यक है।




पढ़ी–लिखी और स्वतंत्र होने के बावजूद कई महिलाएं शोषण का शिकार हो रही हैं। इस विचारधारा के अनुसार इसका एक कारण उनकी भावनात्मक प्रवृत्ति मानी जाती है, जिसका कुछ लोग गलत फायदा उठा लेते हैं। इसमें यह तर्क दिया जाता है कि महिलाओं का स्वभाव अधिक विश्वास करने वाला और संवेदनशील होता है, जिससे वे कभी–कभी गलत लोगों के प्रभाव में आ जाती हैं। इसी संदर्भ में पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था को अधिक सुरक्षित बताया जाता है, जहां महिला बचपन में पिता, युवावस्था में भाई और विवाह के बाद पति की देखरेख में रहती है। इस व्यवस्था को सुरक्षा और मार्गदर्शन से जोड़ा जाता है। वहीं आधुनिक स्वतंत्रता को कुछ लोग जोखिमपूर्ण मानते हैं, यह कहते हुए कि इससे महिलाओं को अकेले फैसले लेने पड़ते हैं, जिससे वे शोषण के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकती हैं।

अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि पहले के समय में महिलाएं अधिक सुरक्षित थीं क्योंकि वे घर की चारदीवारी में रहती थीं। लेकिन यह धारणा भी पूरी तरह सही नहीं है। उस समय भी महिलाओं के साथ अन्याय और शोषण होता था, लेकिन वे आवाज नहीं उठा पाती थीं। आज के समय में कम से कम महिलाएं अपने अधिकारों के लिए खड़ी हो सकती हैं, अपनी बात कह सकती हैं और न्याय की मांग कर सकती हैं। यह बदलाव समाज के लिए एक सकारात्मक संकेत है। रेप और अन्य अपराधों के बढ़ते आंकड़े निश्चित रूप से चिंता का विषय हैं। लेकिन इनका कारण महिलाओं की स्वतंत्रता नहीं, बल्कि अपराधियों की मानसिकता, कानून का कमजोर क्रियान्वयन और समाज में व्याप्त गलत सोच है। यदि किसी समस्या का समाधान खोजना है, तो उसके वास्तविक कारणों को समझना होगा। महिलाओं की स्वतंत्रता को सीमित करना समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह एक तरह से समस्या से भागने जैसा है।

इसके विपरीत, हमें ऐसे समाज की कल्पना करनी चाहिए जहां महिलाएं सुरक्षित भी हों और स्वतंत्र भी। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, शिक्षा प्रणाली में लैंगिक समानता और सम्मान के मूल्यों को शामिल किया जाना चाहिए। बच्चों को बचपन से ही यह सिखाया जाना चाहिए कि हर व्यक्ति का सम्मान करना जरूरी है। दूसरा, कानून व्यवस्था को मजबूत करना होगा ताकि अपराधियों को जल्द और सख्त सजा मिल सके। तीसरा, महिलाओं को आत्मरक्षा और आत्मविश्वास के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना कर सकें।

इसके अलावा, मीडिया और समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। महिलाओं को केवल एक वस्तु के रूप में प्रस्तुत करना या उनके चरित्र पर सवाल उठाना बंद करना होगा। समाज को यह समझना होगा कि महिला की गरिमा उसके कपड़ों, उसके व्यवहार या उसके निर्णयों से नहीं, बल्कि उसके अस्तित्व से जुड़ी होती है।

अंततः, यह कहना गलत नहीं होगा कि महिलाओं की स्वतंत्रता और उनकी सुरक्षा–दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। किसी एक को दूसरे के खिलाफ खड़ा करना एक गलत दृष्टिकोण है। हमें एक ऐसा संतुलन बनाना होगा, जहां महिलाएं अपने अधिकारों का पूरी तरह से उपयोग कर सकें और साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार के शोषण का डर न हो।

समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब उसमें हर व्यक्ति–चाहे वह पुरुष हो या महिला–सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता के साथ जीवन जी सके। महिलाओं को ÷निगरानी÷ में रखने के बजाय उन्हें ÷सशक्त÷ बनाना ही सही दिशा है। यही एक ऐसा रास्ता है, जो न केवल महिलाओं के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक बेहतर और सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकता है।


**(लेखिका कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)**

# 2013 का बदला 2026 में लिया

**राजनीति**

**हरिशंकर व्यास**

नीतीश कुमार को ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री नहीं रहने देना है इसका फैसला नवंबर 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले ही बन गई थी। सबको साफ दिख रहा था कि नीतीश कुमार भूलने की बीमारी से ग्रस्त हो गए हैं। इसका फायदा उठा कर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उनके आसपास के नेताओं को अपने साथ मिलाना शुरू किया। इसके लिए साम, दाम, दंड और भेद की नीति अपनाई गई। जिसे अंग्रेजी में स्टिक एंड कैरेट की नीति कहते हैं। नेताओं को डरा कर और लालच देकर साथ मिलाया गया। उनको इस बात के लिए तैयार किया गया कि वे नीतीश कुमार को भाजपा के बराबर सीट लेकर लड़ने के लिए राजी करें। उनको इस बात के लिए भी तैयार किया गया कि नीतीश को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करके चुनाव नहीं लड़ा जाएगा। नीतीश की मानसिक अवस्था ऐसी नहीं थी कि वे इन चीजों का प्रतिरोध कर सकें और उनके आसपास के ऐसे लोग, जो उनके प्रति ईमानदार थे, उनकी हैसियत ज्यादा बड़ी नहीं थी। और पार्टी के बड़ी हैसियत वाले नेताओं को डरा कर या लालच देकर भाजपा ने अपने साथ कर लिया था।



सो, 2025 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और जनता दल यू दोनों बराबर सीटों पर लड़े। जदयू के एक सौ सीटों पर लड़ने से ही साफ हो गया कि इस बार उसका प्रदर्शन भाजपा से कमतर होगा। ध्यान रहे हर चुनाव में भाजपा के मुकाबले जदयू का स्ट्राइक रेट कम होता है और ऐसा इसलिए होता है क्योंकि भाजपा के कोर वोटर का पूरा वोट जदयू को ट्रांसफर नहीं होता है। सो, पहले तो जदयू को एक सौ सीटें दी गईं। उसके बाद तीन सहयोगी पार्टियों को 43 सीटें दे दी गईं। ये वो सहयोगी हैं, जो पहले भी भाजपा के साथ मिल कर नीतीश के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। सो, भाजपा ने 143 सीटें अपने लिए और अपनी नजदीकी सहयोगियों के लिए रखीं, जबकि नीतीश की पार्टी एक सौ सीटों पर लड़ी। चुनाव नतीजों में भी भाजपा और अन्य सहयोगियों को 117 सीटें मिलीं, जो बहुमत से सिर्फ पांच कम हैं। यानी आज अगर भाजपा चाहे तो नीतीश की पार्टी को छोड़ कर भी सरकार बना सकती है।

सो, चुनाव से पहले भाजपा ने जिस योजना का ताना बाना बुना था उस पर अब अमल हो गया है। विधानसभा की गणित से ज्यादा नीतीश की मानसिक अवस्था और उनके करीबी लोगों के विश्वासघात से ही भाजपा इस योजना पर अमल कर पाई। इसमें चार महीने की देरी हुई है तो वह भी बिहार की जनता और नीतीश कुमार की पुरानी पुण्यता के कारण हुए। भाजपा को अनुमान नहीं था कि ऐसा छप्परफाड़ बहुमत आएगा। उनको लग रहा था कि भाजपा बहुत अच्छा करेगी और नीतीश 50 सीटों के आसपास रह जाएंगे। अगर ऐसा होता तो 14 नवंबर को नतीजे के बाद ही भाजपा का सीएम शपथ लेता। लेकिन पूरा चुनाव नीतीश के चेहरे पर हो गया और नतीजा यह हुआ कि भाजपा को 89 सीटें मिलीं तो जदयू को 85 सीटें मिल गईं।

तभी नतीजों के बाद जब मोदी और शाह की ओर से जदयू के नेताओं से कहा गया कि भाजपा का सीएम बनाया जाए तो उनके सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया। उन्होंने किसी तरह से दोनों को समझाया कि अभी अगर नीतीश को नहीं बनाया गया तो बगावत हो जाएगी। उनकी पार्टी के नेता भड़क जाएंगे। तभी चार महीने इंतजार किया गया। नीतीश की मानसिक अवस्था इस बीच और बिगड़ती गई। जब भाजपा को लगा कि अब नीतीश किसी भी योजना का प्रतिरोध करने में सक्षम नहीं हैं तो उसने जदयू के उन नेताओं को काम पर लगाया, जो उसके लिए काम कर रहे थे। उन्होंने नीतीश को पार्टी और राज्य का भला बुरा समझा कर तैयार करा लिया कि वे मुख्यमंत्री पद छोड़ें और राज्यसभा चले जाएं। इस तरह 2013 का बदला नीतीश से 2026 में ले लिया गया।

## राशिफल

**मेषः** मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आने वाला है। आज विद्यार्थियों को कुछ नया क्रिएटिव करने का मौका मिलेगा। आज के दिन अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन आने वाले कल के लिए बेहतरीन रहेगा।

**वृषः** वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। सामाजिक तथा पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मान-सम्मान मिलेगा। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने तथा आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है।

**मिथुनः** मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगाएंगे। आज आपको ध्यान रखना होगा कि किसी व्यवसायी के साथ लड़ाई-झगड़े जैसी स्थिति उत्पन्न न हो इसलिए अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें।

**कर्कः** कर्क राशि वालों आज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान होने से आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

**सिंहः** सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलने-मिलने से बचने का प्रयास करें। कभी-कभी बहुत ज्यादा आत्म केंद्रित होना और ईगो की भावना रखने से आपसी संबंधों में मतभेद हो सकते हैं इसलिए आज आपको अपने स्वभाव में बदलाव करना जरूरी होगा।

**कन्याः** कन्या राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और आपका रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी अटके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है।

**तुलाः** तुला राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए नई योजना बनाएंगे, योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज स्वास्थ्य संबंधी हल्की-फुल्की परेशानी रहने की वजह से आलस और सुस्ती रह सकती है।

**वृश्चिकः** वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा साथ ही आज अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उसे रचनात्मक कार्यों में लगाएंगे जिससे आपको मानसिक सुकून मिलेगा।

**धनुः** धनु राशि वालों के लिए आज नए विचारों से भरपूर रहेगा। कला के क्षेत्र में आज आपको अपनी क्रिएटिविटी दिखाने का अवसर मिलेगा। आज किसी भी काम को सावधानीपूर्वक करें। जल्दबाजी करने से काम बिगड़ सकता है।

**मकरः** मकर राशि वालों आज आपका दिन कुछ नए बदलाव लाने वाला है। आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। प्राइवेट जॉब करने वाले लोग यदि जॉब स्विच करने की सोच रहे हैं तो कर सकते हैं, बढ़िया लाभ मिलने के योग हैं।


**कुम्भः** कुम्भ राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आपके प्रतिद्वंद्वी आपको परेशान नहीं करेंगे और आपकी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक होगी। आज राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े मित्र की पावर आपके लिए कारगर साबित होगी। उसके साथ लाभदायक बिंदुओं पर विचार-विमर्श भी होगा।

**मीनः** मीन राशि वालों आज आपको व्यापार के कुछ मामलों में अचानक लाभ हो सकता है। आज आमदनी का नया स्रोत आपको मिलेगा। आज अपने जीवन को सकारात्मक नजरिए से समझने की कोशिश करेंगे तो इससे चल रही गलतफहमियां सुलझ जाएंगी।

# निजीकरण का बोलबाला : सरकारी स्कूलों पर गहराता संकट

**चिंतन**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



भारत की शिक्षा व्यवस्था आज एक गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। पिछले एक दशक में लगभग 94 हजार सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं, जबकि इसी अवधि में 51 हजार से अधिक निजी स्कूल खुल गए हैं। यह स्थिति न केवल सरकारी शिक्षा प्रणाली की कमजोरियों को उजागर करती है, बल्कि बढ़ते निजीकरण के कारण उत्पन्न सामाजिक असमानता को भी सामने लाती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21A के तहत प्रत्येक बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यह अधिकार धीरे-धीरे कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। 2014-15 से 2023-24 के बीच सरकारी स्कूलों की संख्या 11,07,101 से घटकर 10,17,660 रह गई, यानी लगभग 89,441 स्कूल कम हो गए, जबकि निजी स्कूलों की संख्या 2,88,164 से बढ़कर 3,31,108 हो गई। यह प्रवृत्ति विशेष रूप से ग्रामीण भारत के लिए चिंताजनक है, जहां गरीब और वंचित वर्गों के बच्चों के लिए शिक्षा तक पहुंच लगातार कठिन होती जा रही है।




सरकारी स्कूलों के संकट का एक प्रमुख कारण स्कूल मर्जर नीति है, जिसके तहत कम नामांकन वाले छोटे स्कूलों को बड़े स्कूलों में मिला दिया जाता है। इससे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों के लिए स्कूल तक पहुंच कठिन हो गई है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में हजारों स्कूल बंद हुए हैं, जो कुल बंदी का बड़ा हिस्सा हैं। इसके अलावा, शिक्षकों की कमी, कमजोर आधारभूत संरचना और मिड-डे मील जैसी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन न होना भी नामांकन में गिरावट के प्रमुख कारण हैं। National Education Policy 2020 के कुछ प्रावधान, जैसे एकल शिक्षक स्कूलों को हतोत्साहित करना, भी इस प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी स्कूलों में नामांकन में भारी कमी आई है, जबकि निजी स्कूलों में छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ी है। गरीब परिवारों के बच्चे अब मजबूरन निजी स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं, लेकिन ऊंची फीस उनके लिए एक बड़ी बाधा बन जाती है।

निजी स्कूलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है और शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। हालांकि यह वृद्धि कई चिंताएं भी पैदा करती है। निजी स्कूलों में फीस में भारी वृद्धि देखी जा रही है, जिससे निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए शिक्षा प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। शिक्षा का यह बढ़ता निजीकरण उसे एक सामाजिक सेवा से अधिक एक व्यापार में बदलता जा रहा है। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत 25 प्रतिशत सीटें गरीब बच्चों के लिए आरक्षित हैं, लेकिन इसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है, जिससे सामाजिक असमानता और गहरी हो रही है। एक ओर संपन्न वर्ग बेहतर संसाधनों और सुविधाओं वाले निजी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करता है, वहीं दूसरी ओर गरीब वर्ग सीमित संसाधनों वाले सरकारी स्कूलों तक ही सीमित रह जाता है।

इस असंतुलन का सीधा प्रभाव ड्रॉपआउट दर पर भी पड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में लाखों बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया है, जिनमें बड़ी संख्या किशोरियों की है। इसके पीछे गरीबी, बाल श्रम, परिवार का प्रवास, स्कूलों की दूरी और सुरक्षा की कमी जैसे कई कारण जिम्मेदार हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों के लिए शिक्षा प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाता है। जब परिवार निजी स्कूलों की फीस वहन नहीं कर पाते और आसपास सरकारी स्कूल उपलब्ध नहीं होते, तो बच्चों का शिक्षा से बाहर होना लगभग तय हो जाता है। यह स्थिति आने वाले समय में बेरोजगारी और सामाजिक असमानता को और अधिक बढ़ा सकती है। शिक्षा का निजीकरण केवल एक शैक्षिक समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक असमानता को भी गहराता है। जब सभी वर्गों को समान शिक्षा के अवसर नहीं मिलते, तो समाज में अवसरों का असंतुलन बढ़ता जाता है। भारत में शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का केवल लगभग 3 प्रतिशत ही खर्च किया जाता है, जबकि इसे 6 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य अभी भी अधूरा है। इसका प्रभाव महिलाओं के सशक्तिकरण, रोजगार के अवसरों और देश के समग्र आर्थिक विकास पर पड़ता है। यदि यह स्थिति बनी रही, तो यह लोकतंत्र के लिए भी खतरा बन सकती है, क्योंकि एक शिक्षित समाज ही जागरूक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करता है।

इस संकट से निपटने के लिए सरकार को ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे। स्कूल मर्जर नीति पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे स्कूलों को संरक्षित किया जाना चाहिए। रिक्त शिक्षक पदों को शीघ्र भरा जाए और शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं जैसे शौचालय, स्वच्छ पेयजल और डिजिटल संसाधन सुनिश्चित किए जाएं। मिड-डे मील योजना की गुणवत्ता में सुधार किया जाए और निजी स्कूलों की फीस पर नियंत्रण तथा निगरानी बढ़ाई जाए। शिक्षा का अधिकार कानून के प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाए और शिक्षा पर सार्वजनिक निवेश बढ़ाकर इसे सकल घरेलू उत्पाद के 6 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए।

निष्कर्षतः, निजीकरण का बढ़ता प्रभाव सरकारी स्कूलों के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। सरकारी स्कूलों की घटती संख्या और निजी स्कूलों की बढ़ती संख्या यह संकेत देती है कि शिक्षा धीरे-धीरे एक मौलिक अधिकार से हटकर एक व्यापार का रूप लेती जा रही है। इसका सबसे अधिक प्रभाव गरीब और वंचित वर्गों पर पड़ रहा है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह असमानता समाज को गहराई तक प्रभावित करेगी। शिक्षा को बाजार की वस्तु नहीं, बल्कि सामाजिक विकास का आधार मानते हुए इसे मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य इसी पर निर्भर करता है।


**(लेखक कवि और सामाजिक विचारक है।)**

## शब्द–सामर्थ्य 359

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 358 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## सु–दोकू 359

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू–दोकू क्र.358 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को दी गई 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

.जगदलपुर, 31 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील बास्तानार के ग्राम बरछेपाल निवासी लखमू की मृत्यु पानी में डुबने से पत्नी श्रीमती आयते को और तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम इरिकपाल निवासी घीनू की मृत्यु पानी में डुबने से पत्नी श्रीमती चमेली बाई को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### जयप्रकाश पाढ़ी भाजपा बस्तर जिला विधि प्रकोष्ठ के संयोजक बने



जगदलपुर, 31 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिला विधिक प्रकोष्ठ के संयोजक व सहसंयोजक के नाम की घोषणा की है, जिसके तहत बस्तर जिला विधि प्रकोष्ठ के संयोजक के पद पर वह जयप्रकाश पाढ़ी सहसंयोजक के पद पर मलय एवं नितिन जैन की नियुक्ति की गई है। इससे बस्तर जिला के अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है। नवनियुक्त पदाधिकारियो ने पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने की बात कही है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

कांकेर, 31 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए जारी अधिसूचना अनुसार आवेदन करने की अंतिम तिथि 01 अप्रैल निर्धारित है। थल सेना द्वारा पंजीकृत आवेदकों का ऑनलाइन लिखित परीक्षा 01 से 15 जून के मध्य आयोजित किया जाना संभावित है। रोजगार कार्यालय द्वारा थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी च्वाईस सेंटर अथवा रोजगार कार्यालय के माध्यम से रोजगार विभाग के वेबसाईट ूण्मतवरहंतण्बहण्हवअण्पद पर ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए प्रशिक्षण हेतु पंजीयन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय में कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# बस्तर संभाग के सहायक शिक्षकों की अनंतिम वरिष्ठता सूची जारी

■ 11 अप्रैल तक दावा-आपत्ति का मौका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 31 मार्च। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा सहायक शिक्षक एलबी (ई एवं टी संवर्ग) की प्रतीक्षित अनंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। 01 अप्रैल 2025 की स्थिति के आधार पर तैयार की गई इस संभाग स्तरीय सूची में स्नातक, स्नातकोत्तर और प्रशिक्षित श्रेणी के शिक्षकों को शामिल किया गया है। विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त डेटा के संकलन के पश्चात यह सूची तैयार की गई है, जो अब शिक्षकों के अवलोकन के लिए उपलब्ध है।

इस प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने सहायक शिक्षकों को अपनी आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर भी प्रदान किया है। संबंधित शिक्षक सूची में अंकित किसी भी त्रुटि या विसंगति के विरुद्ध 11 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक विकासखंड अथवा जिला स्तर पर अपनी दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के पश्चात किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे, इसलिए शिक्षकों को समय रहते विवरण की जांच करने की सलाह दी गई है। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूर्ण होने के तुरंत बाद संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्राप्त आवेदनों का सूक्ष्मता से परीक्षण एवं निराकरण करें। इसके पश्चात संशोधित डेटा के साथ अंतिम सूची तैयार कर 13 अप्रैल 2025 तक अनिवार्य रूप से संयुक्त संचालक कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। यह वरिष्ठता सूची भविष्य में होने वाली पदोन्नति और अन्य विभागीय कार्यों के लिए मुख्य आधार बनेगी।

### जिला बाल संरक्षण इकाई तथा चाइल्ड हेल्प लाइन केयर के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

कांकेर, 31 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में महिला एवं बाल विकास के तहत् स्वीकृत जिला बाल संरक्षण इकाई तथा चाइल्ड हेल्प लाईन केयर में रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार किया गया है जिसे कांकेर जिले के वेबसाईट ूणंदामतण्हवअण्पद पर अपलोड कर किया गया है, साथ ही इसे कक्ष क्रमांक 09 संयुक्त कलेक्टोरेट परिसर कांकेर के सूचना पटल पर भी चस्पा किया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। उक्त सूची के संबंध में यदि किसी आवेदक को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त कलेक्टोरेट परिसर कांकेर में 10 अप्रैल तक स्पीड पोस्ट, कुरियर, रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किए जाएंगे।

### जिला जेल परिसर कांकेर ड्रोन के लिए 'नो फ्लाई जोन' घोषित

कांकेर, 31 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिला जेल परिसर कांकेर एवं जेल में बंदियों की सुरक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए जेल परिसर कांकेर एवं उसकी सीमा से लगे 200 मीटर क्षेत्र को ड्रोन के लिए ÷नो फ्लाई जोन/रेड जोन घोषित किया गया है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) (4) तथा ड्रोन नियम-2025 के तहत जारी किया गया है, जो तत्काल प्रभावशील हो गया है।

#### बैठक में गैस और पेट्रोलियम पदार्थों का वितरण और राजस्व शिविरों पर विशेष फोकस

# गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी को दी जाए प्राथमिकता:आकाश छिकारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




जगदलपुर, 31 मार्च। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एलपीजी गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सीमावर्ती जिलों और राज्यों से आने वाले परमिटधारी गैस और पेट्रोलियम पदार्थों के ट्रांसपोर्टिंग वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही गैस एजेंसियों और पेट्रोलियम स्टेशनों में स्टाक की निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को बिना किसी परेशानी के गैस सिलेंडर और पेट्रोलियम पदार्थों उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी को प्राथमिकता दी जाए तथा उपभोक्ताओं को पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से व्हाट्सएप, मिस्ड कॉल, आईवीआरएस, मोबाइल ऐप और वेबसाइट से बुकिंग की सुविधा की जानकारी दी जाए। उन्होंने काला बाजारी, जमाखोरी और ओवर रेट की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। सभी गैस एजेंसियों में भीड़ नियंत्रण और निर्धारित दर पर ही सिलेंडर वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही दैनिक स्टॉक की उपलब्धता पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने उचित मूल्य की दुकानों में अप्रैल माह तक राशन भंडारण की स्थिति की समीक्षा की तथा उर्वरक के भंडारण एवं परिवहन की जांच के निर्देश दिए गए। ÷मोर गांव मोर पानी÷ अभियान के अंतर्गत कार्यों की प्रगति एनसीएईआर सर्वे के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन की डेटा रिपोर्ट को भरने के निर्देश दिए, साथ ही आजीविका मिशन के तहत एलडब्ल्यूई जिला में परिवारों की आय बढ़ाने हेतु कार्ययोजना बनाने पर चर्चा की गई।

कलेक्टर ने बताया कि 01 से 15 अप्रैल तक राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजस्व, राशन, पेंशन, एफआरए पट्टा सहित अन्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। ब्लॉक स्तर आयोजित होने वाली शिविर में आवेदनों की समीक्षा कर निराकरण करवाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य उसी जगह पर आवेदनों का निराकृत कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में ट्रांसजेंडर आईडी निर्माण, कर्मयोगी सप्ताह, ज्ञान भारतम मिशन, टीबी उन्मूलन, आंगनबाड़ी बच्चों के आधार अपडेट, अफीम खेती की जांच, रेत खदान प्रबंधन तथा जनगणना की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।



### बजट में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को मजबूत करने तथा नए क्षेत्रों में विस्तार पर विशेष जोर

जगदलपुर, 31 मार्च। देश के शीर्ष 10 शहरों में स्थान दिलाना है। इसके अलावा विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु 300 लाख का प्रावधान किया गया है। बजट में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को मजबूत करने तथा नए क्षेत्रों में विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है। महापौर ने कहा कि यह बजट शहर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनता को राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निगम का अंतिम लक्ष्य जगदलपुर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आत्मनिर्भर शहर बनाना है।

## जेसीआई कपल ट्रेनिंग प्रोग्राम में दंपत्तियों को दिए गए टिप्स



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 31 मार्च। जे.सी.आई. जगदलपुर सिटी द्वारा आयोजित कपल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन जगदलपुर में बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य दंपत्तियों के बीच बेहतर संवाद, आपसी समझ और रिश्तों में मजबूती लाना रहा।

कार्यक्रम में देश के जाने-माने ट्रेनर अनूप मुंद्रा मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने अनुभव और प्रभावशाली शैली के माध्यम से प्रतिभागियों को वैवाहिक जीवन में सामंजस्य, सकारात्मक सोच और बेहतर कम्युनिकेशन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। उनके सेशन ने उपस्थित कपल्स को न केवल प्रेरित किया, बल्कि जीवन में व्यवहारिक बदलाव लाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नितिन खत्री, सचिव यश बोथरा एवं जीसीआई क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक पहल बताया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न एक्टिविटी, इंटरएक्टिव सेशन और ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से प्रतिभागियों को जोड़ने का प्रयास किया गया, जिससे उन्होंने एक-दूसरे के विचारों को बेहतर तरीके से समझा। अंत में आयोजकों द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में ऐसे और भी उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया गया। यह कार्यक्रम न केवल कपल्स के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि सामाजिक संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ।

## उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण के लिए की जाएगी पहल:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



जगदलपुर, 31 मार्च। बस्तर जिले में औद्योगिक विकास की गति को तेज करने और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। इस बैठक की शुरुआत में उद्योग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक श्री अजीत सुंदर बिलुंग ने जिले में स्थापित हो रहे नवीन उद्योगों, औद्योगिक क्षेत्रों और औद्योगिक पार्कों के साथ-साथ नवीन औद्योगिक विकास नीति के नियमों, प्रावधानों और स्टार्टअप कार्यशालाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

बैठक में बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि, जूनियर बस्तर चेम्बर के अध्यक्ष व सदस्य तथा लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान उद्यमियों ने उद्योग स्थापना के मार्ग में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को प्रमुखता से कलेक्टर के समक्ष रखा। उन्होंने विशेष रूप से बिजली कनेक्शन की अनुमति में होने वाली देरी, फैक्ट्री लाइसेंस की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की प्राप्ति में लगने वाले अधिक समय जैसी समस्याओं से अवगत कराया। इन बिंदुओं पर संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर श्री छिकारा ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने उद्यमियों को संबोधित करते हुए बस्तर के सर्वांगीण विकास में आवश्यक सहयोग प्रदान करने और नए उद्योग स्थापित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

इसी क्रम में कार्यशाला के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रतीक जैन ने भी उद्यमियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने औद्योगिक विकास नीति के अंतर्गत होम-स्टे सेवा इकाई की स्थापना पर विशेष जोर दिया और उद्यमियों को इसके लिए प्रेरित करते हुए शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न छूट और अनुदानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## बस्तर की मेजबानी और खेलो इंडिया के प्रबंधन ने जीता मप्र की टीम का दिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 31 मार्च। बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर के धरमपुरा में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स ने न केवल खेल कौशल के प्रदर्शन का मंच दिया है, बल्कि अपनी उत्कृष्ट व्यवस्थाओं से देशभर से आए खिलाड़ियों और कोचों का मन भी मोह लिया है। इस भव्य आयोजन के बीच मध्य प्रदेश की टीम ने यहाँ के आतिथ्य और सुविधाओं को लेकर अपनी बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया साझा की है।

मध्यप्रदेश टीम के कोच राहुल गुर्जर ने स्थानीय प्रशासन और खेल प्रबंधन की सराहना करते हुए बताया कि जगदलपुर में उनके ठहरने से लेकर परिवहन तक के सभी इंतजाम विश्व स्तरीय हैं। उन्होंने विशेष रूप से खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराई गई अलग बस सेवा का जिक्र करते हुए कहा कि इससे खेल मैदान तक आने-जाने में टीम को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है। राहुल के अनुसार देवांश होटल में उनके ठहरने की व्यवस्था और वहाँ मिल रही सुविधाएं खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि जम्मू और कश्मीर के खिलाड़ियों के साथ एक ही स्थान पर ठहरने और संवाद करने से खेल भावना और आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा मिल रहा है। वहीं, टीम की फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. इशिता डाले ने भी आयोजन के प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जगदलपुर जैसे खूबसूरत शहर में खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और खान-पान का जिस तरह से ध्यान रखा जा रहा है, वह काबिले तारीफ है। डॉ. डाले के अनुसार, आवास और भोजन की गुणवत्ता इतनी अच्छी है कि खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने में कोई बाधा नहीं आ रही है। उन्होंने जगदलपुर के शांत और सुहावने वातावरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने पेशे और जुनून को इतने व्यवस्थित परिवेश में आगे बढ़ाना उनके लिए एक सुखद अनुभव है। मध्यप्रदेश की टीम की यह प्रतिक्रिया दर्शाती है कि बस्तर का खेल मैदान न केवल जनजातीय प्रतिभाओं को निखारने का केंद्र बन रहा है, बल्कि अपनी शानदार मेजबानी से अतिथि देवो भवरू की परंपरा को भी चरितार्थ कर रहा है। प्रशासन द्वारा की गई इन बारीकी भरी व्यवस्थाओं ने खिलाड़ियों को एक ऐसा मंच प्रदान किया है जहाँ वे बिना किसी तनाव के अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा सकें।

## जिले में निरंतर गैस आपूर्ति के लिए प्रशासन सजग:कलेक्टर

■ गोदामों पर भीड़ लगाने वाली एजेंसियों पर होगी कार्यवाही-कलेक्टर

जगदलपुर, 31 मार्च। जिले के विभिन्न गैस सिलेंडर गोदामों पर उमड़ रही भीड़ और अव्यवस्था की खबरों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने प्रशासनिक अमले को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे तत्काल गैस गोदामों का निरीक्षण करें और जहां भी भीड़ की स्थिति निर्मित हो रही है, वहां मजिस्ट्रेट की तैनाती कर स्थिति का जायजा लें। कलेक्टर ने कहा है कि नागरिकों को किसी भी तरह से घबराने या पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर ने एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी गैस एजेंसियों को सख्त हिदायत दी है कि वे गोदामों पर भीड़ जमा करने के बजाय निर्धारित समय सीमा के भीतर डोर-टू-डोर डिलीवरी को प्राथमिकता दें। प्रशासन का मुख्य जोर इस बात पर है कि उपभोक्ताओं को उनके घर पर ही सुगमता से सिलेंडर उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने खाद्य विभाग और राजस्व अधिकारियों को कालाबाजारी और जमाखोरी करने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखने तथा उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

कलेक्टर ने विशेष रूप से ओवररेटिंग की शिकायतों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा है कि यदि कोई गैस एजेंसी अतिरिक्त राशि लेकर प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर प्रदान करती पाई जाती है, तो उस पर तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सिलेंडर वितरण में पारदर्शिता अनिवार्य है और किसी भी स्तर पर उपभोक्ताओं के शोषण के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिले में गैस की आपूर्ति निरंतर बनी रहे और आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पूरा प्रशासन सजग है।

#### नगर पालिका की अनदेखी एवं लापरवाही के चलते हुई यह घटना

# तेज हवा से खिड़की का ग्रिल नीचे गिरा, सब्जी बेच रही महिला घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




दंतेवाड़ा 31 मार्च। सोमवार की शाम तेज हवा, अंधड़ आने से बस स्टेंड के पास बने नवनिर्मित सब्जी मार्केट के बाजू में स्थित चार दशक पुराने नगर पंचायत भवन की जर्जर बिल्डिंग की खिड़की का ग्रिल उखड़कर नीचे गिर गया जिससे वहां सब्जी बेच रही एक महिला घायल हो गई जिसे फौरन अस्पताल ले जाया गया जहां उसके सिर पर गहरे चोट लगने से टांके लगाकर उसका प्राथमिक उपचार किया गया है।

गौरतलब है कि नगर में बस स्टेंड के पास नगर पालिका द्वारा नया सब्जी मार्केट का निर्माण किया गया है। जहां पर पखवाड़े भर पूर्व ही सब्जी मार्केट की शुरूआत हुई है। जिसके बाद से सभी सब्जी विक्रेता इसी जगह पर सब्जी की दुकान लगा रहे हैं। बीती शाम सब्जी मार्केट में हर रोज की तरह ग्रामीण अंचलों से तथा नगर के कुछ सब्जी विक्रेता आकर सब्जी की दुकान लगाकर सामान बेच रहे थे तभी शाम 5 बजे अचानक से तेज आंधी तूफान एवं हवा चलनी शुरू हो गई। इस अंधड़ तूफान में सब्जी मार्केट के ठीक बाजू में स्थित 40 बर्ष पुरानी नगर पंचायत की जर्जर हो चुकी बिल्डिंग के उपरी हिस्से में स्थित एक खिड़की के लोहे पट्टी का ग्रिल नीचे बैठकर सब्जी बेच रही चमेली नाम की महिला के उपर आ गिरा जिससे चमेली गंभीर रूप से घायल हो गई उसके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। आसपास के अन्य सब्जी विक्रेता फौरन ही घायल महिला को लेकर अस्पताल गए जहां उसकी प्राथमिकी ईलाज की गई। चमेली के सिर पर गंभीर चोट आने की बात डॉक्टर ने कहा है । फिलहाल महिला खतरे से बाहर बताई गई है। ईधर घटना की सूचना पालिका प्रशासन को भी दी गई। जिसके तत्काल बाद मौकाए स्थल पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा एवं पालिका सीएमओ श्री पालदास पहूंचे और हालात का जायजा लिया। इस दौरान अन्य सब्जी व्यापारियों की नाराजगी भी पालिका प्रशाासन को झोलनी पड़ी। नाराज सब्जी व्यापारियों ने पालिका प्रशासन को कहा कि आपने सब्जी मार्केट आनन फानन में बिना पूर्ण तैयारी के शुरू करवा दिया है । पालिका की लापरवाही के चलते ही इस तरह की घटना आज हुई है। सब्जी मार्केट के बाजू में स्थित जर्जर बिल्डिंग की कई खिड़कियों के पल्ले अभी भी टूट फूटकर हवा में लटक रहे हैं जिसे निकाला नहीं गया है। अगर पूर्व में ही नगर पालिका इस पर ध्यान देकर सड़ चुकी खिड़कियों के पल्ले एवं ग्रिल को निकाल दी होती तो आज यह घटना नहीं होती। व्यापारियों की नाराजगी को सही ठहराते हुए सीएमओ श्री पालदास ने तत्काल राजस्व टीम को जर्जर बिल्डिंग में बाहर की तरफ निकले तमाम खिड़कियों के पल्ले एवं सड़ चुके लोहे की ग्रिल इत्यादि को निकालने का आदेश दिया।

बहरहाल सुकून वाली बात यह रही कि इस हादसें में महिला की जान बच गई अन्यथा जानमाल का बड़ा नुकसान भी हो सकता था। घटना के बाद से सब्जी विक्रेता काफी सहमे हुए हैं। व्यापारियों ने सब्जी मार्केट में कई अन्य प्रकार की समस्याओं के बारे में भी पालिका अधिकारी को अवगत कराया । सीएमओ ने सब्जी व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उसे जल्द दूर करने आश्वस्त किया।

## ज्ञानभारतम् मिशन में प्राचीन पाण्डुलिपियों का संरक्षण,दस्तावेजीकरण के लिए हुई बैठक



जगदलपुर, 31 मार्च। राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत ज्ञानभारतम् मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के आस्था हॉल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को जिले में सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि ज्ञानभारतम् मिशन के तहत जिले में उपलब्ध प्राचीन पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण, संरक्षण और दस्तावेजीकरण महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य संबंधित इकाइयों के माध्यम से पाण्डुलिपियों की पहचान कर उनका व्यवस्थित संकलन सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करने तथा समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने पर जोर दिया।बैठक में अभियान की रूपरेखा, क्रियान्वयन की रणनीति तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

# रायगढ़ का सिंचाई विभाग खिंचाई विभाग में तब्दील:मुरारी

- नहरें गायब - जलाशयों पर बेजा कब्जा - विभाग मौन
- उद्योगों पर जलकर का करोड़ों बकाया होने के बावजुद पानी का दोहन जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 31 मार्च।** एक जमाने में जल संसाधन विभाग को सबसे मलाईदार विभाग माना जाता था, धीरे-धीरे आबकारी, खनिज और उर्जा विभाग ने मलाईदार विभागों का तमगा हासिल कर लिया। लेकिन सिंचाई विभाग के अफसरों की खिंचाई में कोई कमी नहीं आई। रायगढ़ जिले में तो सिंचाई विभाग पूर्णतः खिंचाई विभाग में तब्दील हो चुका है। जिसे ना तो अपने बांधों की फिक्र है, ना ही नहरों की फिक्र है और ना ही विभाग द्वारा पूर्व में अधिगृहीत की गई जमीनों की सुरक्षा की चिंता है। उक्ताशय का आरोप वरिष्ठ इंका नेता मुरारी गुप्ता ने लगाते हुए केन्द्र सरकार से रायगढ़ सिंचाई विभाग के क्रिया कलापों की सी.बी.आई. जाँच की मांग की है।

गुप्ता ने बाताया कि ताजा तरीन उदाहरण बिलासपुर डेम के क्षतिग्रस्त होने का है। जहाँ अन्नदाताओं द्वारा कई दिनों से सिंचाई हेतु पानी छोड़ने की मांग की जा रही थी। किंतु आलाअधिकारी मौन साधे रहे नतीजा यह हुआ कि डेम का गेट क्षतिग्रस्त हो गया और करोड़ो लीटर पानी सड़कों पर बह गया। यदि समय पर किसानों की मांग मान ली जाती तो कई हेक्टर में सिंचाई हो जाती, डेम का पानी भी व्यर्थ नहीं जाता और पानी कम होने से हो सकता है डेम का गेट भी क्षतिग्रस्त नहीं होता।गुप्ता ने दुसरा उदाहरण देते हुए बताया कि टीपाखोल बांध की नहर गायब हो गई। उसके ऊपर बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो गई है। नहरें राष्ट्र की संपत्ति होती है किंतु सिंचाई विभाग के अफसर बेजा कब्जा धारियों को मात्र नोटिस देकर चुप बैठे है। इस मामले में राज्य सरकार की चुप्पी भी अनेक रहस्यों को जन्म दें रही। पूर्व में टीपाखोल की नहर का पानी शहर के रामभांठा मोहल्ले तक आता था जहाँ लोग इस पानी को निस्तार हेतु उपयोग करते थे। अब यह नहर कई वर्षों से गायब है। मजे की बात ता यह है कि नहर के गायब होने के तीन-चार साल बाद इसी मरम्मत में लगभग 28 लाख रूपया फूंक दिया था।तीसरा उदाहरण देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बताया कि कोकड़ी तराई जलाशय की अधिकांश जमीन पर अतिक्रमण हो चुका है। विभाग नोटिस-नोटिस का खेल खेलते हुए गेंद कभी राज्स्व विभाग की ओर फेंकता है तो राज्स्व की कछुआ चाल किसी से छिपी नहीं। क्योंकि इसमें किसी भी प्रकार का चढ़ावा नहीं मिलता उल्टे वसुली नहीं करने पर चढ़ावा मिलने के पुरे चांस रहते है। आज की तिथि में विभाग का करोंड़ों रूपया विभिन्न उद्योगों पर जलकर के रूप में बकाया है। गरीब का बिजली बिल दो हजार भी बाकी हो तो उसके घर में अंधेरा कर दिया जाता है लेकिन उद्योगों पर करोड़ों का बकाया होने के बावजुद पानी का भरपुर दोहन उद्योंगों द्वारा जारी है। श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री और प्रदेश के वित्तमंत्री से आग्रह किया है कि रायगढ़ जिले के सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली की उच्च स्तरीय जांच कराएं और विभाग की बेशकीमती जमीन और करोंड़ों की बकाया राशि वसुलने हेतु कड़ी कार्यवाही करें।

# रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

**रायगढ़, 31 मार्च।** रायगढ़ स्थित स्व.लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के लिए 20 बिस्तरों वाले नए अतिरिक्त वार्ड का शुभारंभ किया गया। बता दें कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प को लगातार जमीन पर उतारा जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में किए गए इस विस्तार से विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी। नए वार्ड के शुभारंभ से रायगढ़ और आसपास के क्षेत्रों से आने वाली गर्भवती महिलाओं को अब बेहतर और समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। यह पहल न केवल अस्पताल की क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि मातृ मृत्यु दर को कम करने और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने में भी सहायक साबित होगी। अधिष्ठाता डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में पहले 60 बिस्तरों की व्यवस्था थी, लेकिन कई बार मरीजों की संख्या 90 से 100 तक पहुंच जाती थी। ऐसी स्थिति में मरीजों को समुचित सुविधा और आराम देने में कठिनाई होती थी। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से 20 बिस्तरों का नया वार्ड शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि नए वार्ड में बेहतर साफ-सफाई, आवश्यक उपकरणों और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ.टी.के. साहू ने कहा कि नए वार्ड के शुरू होने से अब मरीजों को अधिक सुव्यवस्थित और आरामदायक वातावरण में उपचार मिल सकेगा।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष :जिले में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत विशेष सप्ताह का हुआ आयोजन

**रायगढ़, 31 मार्च ।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में 23 से 30 मार्च 2026 तक वंदे मातरम विशेष सप्ताह का व्यापक एवं गरिमामय आयोजन किया गया। सप्ताहभर चले इस अभियान में स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वंदे मातरम की ऐतिहासिक विरासत और राष्ट्रीय महत्व को जन-जन तक पहुंचाया गया।जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने वंदे मातरम विशेष सप्ताह के आयोजन की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजित कार्यक्रमों के फोटो एवं वीडियो संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

# जल जीवन मिशन से बदली ग्राम किरीतमाल की तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 31 मार्च।** जहां कभी हर सुबह पानी की चिंता के साथ शुरू होती थी, आज वही दिन सुकून, सुविधा और मुस्कान के साथ गुजर रहा है। यह बदलाव है ग्राम किरीतमाल के लोगों के जीवन में, जिनकी दिनचर्या जल जीवन मिशन के चलते पूरी तरह बदल चुकी है। जिला रायगढ़ के विकासखंड खरसिया से लगभग 30 किलोमीटर दूर बसे किरीतमाल गांव में कुछ साल पहले तक पानी की भारी किल्लत थी। एक साधारण किसान परिवार की गृहिणी तनूजा यादव के लिए हर दिन की शुरुआत पानी की व्यवस्था से होती थी। गांव में कुछ सीमित हैंडपंप ही पानी का एकमात्र साधन थे, जिनसे पानी लाने के लिए उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। कई बार दिन में दो से तीन बार चक्कर लगाना उनकी मजबूरी थी। गर्मियों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती थी। हैंडपंप सूख जाते, और जो चलते भी थे, वहां लंबी कतारें लगी रहती थीं। घंटों इंतजार करने के बाद भी पर्याप्त पानी मिलना मुश्किल होता था। इस रोजमर्रा के संघर्ष ने न केवल उनका समय और ऊर्जा छीनी, बल्कि परिवार की दिनचर्या और बच्चों की पढ़ाई पर भी गहरा असर डाला।ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना इस गांव के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हुई। योजना के तहत गांव में पाइपलाइन बिछाई गई और हर घर तक नल कनेक्शन पहुंचाया गया। जब तनूजा यादव के घर में पहली बार नल से पानी आया, तो वह पल उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। अब उन्हें पानी के लिए घर से बाहर नहीं जाना पड़ता।

## थलसेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 अप्रैल तक

**रायगढ़, 31 मार्च।** भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 1 अप्रैल 2026 तक वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके तहत अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक व स्टोरकीपर, ट्रैडमैन-दसवीं उत्तीर्ण, ट्रैडमैन आठवीं उत्तीर्ण, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी।

# देशवासियों के लिए सुविधाएं जुटाने पर पीएम मोदी का आभार





**रायपुर, 31 मार्च।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र छाबड़ा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि इजराईल, अमेरिका व ईरान युध्द के दौरान संकट की इस घड़ी में देशवासियों के लिए जो लगातार सुविधाएँ आप जुटा रहे वह आपका अनुकरणीय योगदान है। एक ओर जहां इन्डोनेशिया देश में पेट्रोल पंपो पर 2 से 3 किलोमीटर लंबी लाईन पेट्रोल लेने के लिए लगी है आपके प्रयास से भारत के सभी शहरों में पेट्रोल आसानी से मिल रहा है। जनता के बिना मांगे ही कैरोसिन की व्यवस्था कर पेट्रोल पंपों के माध्यम से कैरोसीन की वितरण व्यवस्था कर जनता को विशेष राहत प्रदान करना आप जैसा प्रधानमंत्री ही कर सकता है। रसोई गैस की व्यवस्था के लिए ईरान की दोस्ती के बल पर लगातार पानी जहाजों के द्वारा भारत को गैस उपलब्ध करा रहे है । इसके अलावा आपके 11 वर्ष के कार्यकाल में कश्मीर से धारा 70 की समाप्ति, मणीपुर में शांति बहाली आपके अलावा अन्य किसी प्रधानमंत्री के बस की बात नहीं है।साथ में एक बात आपके विषय में यह है कि जैसे हीरे मोती की परख जौहरी को होती है उसी प्रकार आप नेताओं को परखने के जौहरी है। आपने उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ व आसाम में ऐसे मुख्यमंत्री को हीरे के रूप में चुना है जिसका उदाहरण नहीं मिल सकता । उ.प्र. में योगी जी ने माफिया गिरोह को समाप्त कर दिया छग में विष्णुदेव साय जी ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के सहयोग से नक्सली समस्या को समाप्त कर दिया तथा आसाम में हेमंत बिसवा विरोधियों के विरूध्द ऐसे दहाड़ते है जैसे जंगल में शेर दहाड़ता है। रमेश आहूजा ने कहा कि आने वाले चुनाव में बिहार की तरह ही आसाम व पं. बंगाल में भाजपा को आपके नेतृत्व में भारी सफलता मिलेगी तथा केरल व तामिलनाडु में टक्कर की स्थिति रहेगी । डिप्लोमेसी का ऐसा उदाहरण पहली बार देखने को मिला है जिसमें दो देश आपस में लड़ रहे है लेकिन भारत की दोनो से दोस्ती है यह आपकी विशेष योग्यता को दर्शाता है। सगे भाई की तरह अमित शाह आपके सहयोगी के रूप में देश की हर समस्या को सुलझाने में बहुत ही सहायक सिध्द हो रहे है उन्हें भी साधुवाद।













# मोर मकान-मोर आस योजनान्तर्गत 1 अप्रैल को आवास आवंटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 31 मार्च।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस के अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास योजनांतर्गत मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1427 बहु मंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री,मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है, एवं 503 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 236 पात्र आवेदको को आवास का आबंटन किया गया। परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर दिनांक 1 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को दोपहर 3:30 बजे निगम सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें।

आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विष्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से किराये में निवासरत् परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। दावा आपत्ति उपरांत पूर्व की सूची के 874 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत लॉटरी के माध्यम से 1 अप्रैल को आवास का आबंटन किया जायेगा। उन्होने बताया कि योजनान्तर्गत जिन परियोजनाओं में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है अर्थात ऐसे आवास जो हितग्राहियों को आबंटन हेतु पूर्ण रूप से तैयार है उन आवासों में हितग्राहियों को हितग्राही अंशदान की राशि एकमुष्त अग्रिम जमा करनी होगी।

आयुक्त श्री विष्वकर्मा ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं षेश राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी। निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन आवास 272 यूनिट लखोली 2,74,044.00 रू. 258 यूनिट रेवाडीह, पेण्ड्री 2,91,027.00 रू. 870 यूनिट पेण्ड्री एवं मोहारा 2.80,115.00 रू. से सभी निर्माणाधीन आवास एक वर्ष में पूर्ण कर लिये जायेंगे, हितग्राही आबंटन उपरांत अपने स्वयं के आवास को अपने ऑखो के सामने बनते हुये देख सकते है।

## एक नजर

### हजरत बाबा अहमद शाह का सालाना उर्स 1 अप्रैल को



**भाटापारा 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हर साल की तरह इस शाल भी हजरत बाबा सय्यद अहमद शाह रहमतुल्लाह अलेह का 61वां सालाना उर्स मेले का आयोजन किया जा रहा है ! बुधवार 1अप्रेल शाम 7 बजे से लंगर की व्यवस्था व रात 9 बजे मशहूर कव्वाल गुलाम वारिस ( दिल्ली) का शानदार कव्वाली प्रोग्राम होगा ! उर्स प्रोग्राम कव्वाली के मौके पर मुख्य अतिथ.: गुरु खुशवंत साहेब (कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार अनुसुची जाति विकास मंत्रालय) अध्यक्षता--. शिवरतन शर्मा (पूर्व विधायक भाटापारा) विशेष अतिथि -- मिर्जा एजाज बेग (अध्यक्ष हज कमेटी प्रदेश छ. ग.) योगेश अग्रवाल (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राईस मि. एशो. व फिल्म संगठन छ. ग., अश्वनी शर्मा (अध्यक्ष. नगर पालिका परिषद, भाटापारा),, तिमिरेंद्र शेखर सिंह कंवर (संरक्षक युवा प्रभाग कंवर समाज, रायपुर) ,दिलीप छाबड़िया(उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, भाटापारा उपस्थित रहेंगे! उर्स की व्यवस्था में जुटे रहेंगे दरगाह कमेटी व मुस्लिम युवा वर्ग,उर्स को सफ्ल बनाने में उर्स दरगाह कमेटी व मुस्लिम जमात भाटापारा निभा रहे हैं।

### शासन ने भाटापारा सीएमओ व इंजिनियर को निलंबित किया

**भाटापारा 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश शासन ने भाटापारा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी व पूर्व में पदस्थ एक इंजिनियर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है । उक्त संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के उपसचिव के आदेश से जारी प्रपत्र में कहा गया है कि 14वें वित्त आयोग एवं टाईड ग्राण्ड ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद अंतर्गत 03 कार्यो के लिए भंडार क्रय नियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के द्वारा गत वर्ष 29 अगस्त 2025 में 119.50 लाख रूपयें की राशि तथा 97.69 लाख रूपयें की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसपर पालिका अधिकारी जफर खान ने ब्रिड निविदा जारी करने के पूर्व सक्षम स्वीकृति नही ली जो कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका प्रेसिडेंट-इन-कौंसिल के काम काज का संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य नियम 19998 यथा संशोधित 2022 में दी गई व्यवस्था का पालन नही करने की परिधी में आता है। सक्षम प्राधिकारी के बिना अनुमोदन जेम के माध्यम से ब्रिड की कार्यवाही करना शासन के दिशा निर्देशो भंडार क्रय नियम के विपरित है। इसके लिए भाटापारा में पदस्थ सीएमओ जफर खान एवं तत्कालिन उप अभियंता कमलेश साहू को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि मे जफर खान व कमलेश साहू को नगरीय निकाय के क्षेत्रिय कार्यालय रायपुर में अटैच किया गया है इस दौरान उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### बम्लेश्वरी ट्रस्ट ने महावीर तालाब की सफाई करवाई



**डोंगरगढ़ 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चैत्र नवरात्र पर्व के समापन के पश्चात श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा महावीर तालाब की सफाई की गयी। ज्ञात हो शहर के मध्य स्थित महावीर तालाब का समस्त धार्मिक पर्व में समस्त हिन्दू धर्मावलंबीयों द्वारा उपयोग किया जाता है। नवरात्र पर्व में श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित छोटी बम्लेश्वरी मंदिर शीतला मंदिर के साथ साथ शहर में स्थित प्राचीन दंतेश्वरी व काली माता मंदिर के ज्योत जवारा का विसर्जन महावीर तालाब में किया जाता है।

### प्रयास विद्यालय बना उत्कृष्ट शिक्षा का माडल

# पहले साल ही कक्षा नवमी के सभी विद्यार्थी हुए प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

- प्रभारी सचिव ने अभिभावक-शिक्षक बैठक में बच्चों से की चर्चा
- प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 31 मार्च।** जिले में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव ने अपने प्रथम ही वर्ष में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय की नवमीं कक्षा के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर शैक्षणिक उत्कृष्टता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत आज प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों से आत्मीय बातचीत कर उनकी पढ़ाई, तैयारी और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की दिशा में मजबूत तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बीजापुर से आई छात्रा फरिश्ता जुर्री ने बताया कि प्रयास विद्यालय में उसे पढ़ाई का ऐसा वातावरण मिला है, जिसकी उसे अपेक्षा थी। उसके अभिभावकों ने भी कहा कि यहां की बेहतर शिक्षण व्यवस्था, नियमित क्लास और बच्चों के व्यक्तिगत मार्गदर्शन से वे बेहद संतुष्ट हैं। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी बेटी के भविष्य के लिए यह निर्णय बिल्कुल सही साबित हुआ है। दंतेवाड़ा के छात्र बामन ने कहा कि प्रयास विद्यालय ने उसकी पढ़ाई में नई गति दी है। उसने बताया कि यहां की अनुशासित दिनचर्या, विषयवार मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में दी जाने वाली विशेष कक्षाएं उसके आत्मविश्वास को लगातार बढ़ा रही हैं। उसने कहा कि आगे चलकर वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करेगा और प्रयास विद्यालय उसके सपनों को पूरा करने की मजबूत नींव बन रहा है।

प्रभारी सचिव श्री चंपावत ने आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए नए बैच के प्रारंभ तथा सभी बुनियादी व्यवस्थाओं को समय पर दुरूस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि प्रयास विद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा का मॉडल बन चुका है और आने वाले वर्षों में यह और भी बेहतर परिणाम देगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल सहित विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित थे।

# स्काउट्स-गाइड्स ने प्यारेलाल चौक में शुरू की प्याऊ घर सेवा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 31 मार्च।** श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ठाकुर प्यारेलाल चौक में पियाऊ घर सेवा का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय श्री इंदरजीत सिंह खालसा (राज्य मुख्य आयुक्त) के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर श्री राजेन्द्र गोलछा (राज्य उपाध्यक्ष), श्री बृजेश वाजपेयी (राज्य सचिव), श्री उमेश हथेल (जिला अध्यक्ष), श्री महेश खंडेलवाल, श्री प्रवास कुमार सिंह बघेल (जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट) तथा श्री राजू साहू (विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला आयुक्त स्काउट) की गरिमामयी उपस्थिति रही। शुभारंभ के पश्चात स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर द्वारा राहगीरों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल वितरित किया गया। इस सेवा कार्य में जिले के विभिन्न विद्यालयों-हाई स्कूल पेंड्री, भानपुरी, सुरगी, महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय तथा ठाकुर प्यारेलाल विद्यालय के स्काउट - गाइड्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई।यह पियाऊ घर त्रिशंख मंडल, हनुमान मंदिर समिति एवं श्री रिशु महाराज के सहयोग से संचालित किया जा रहा है जो सामुदायिक सहभागिता और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारियों में श्री विष्णु प्रसाद साव (जिला उपाध्यक्ष), श्री आलोक बिंदल (जिला कोषाध्यक्ष), श्री संतोष खंडेलवाल (जिला आजीवन सदस्य), श्री घनश्याम दास साहू, श्री देवेंद्र अंबादे (जिला सचिव), सुश्री अंजली वैद्य (संयुक्त जिला सचिव), श्री मयूख श्रीवास्तव (जिला संगठन आयुक्त स्काउट), श्रीमती भारती रजक (जिला संगठन आयुक्त गाइड), श्री प्रवीण साव (विकास खंड सचिव) सहित स्काउटर श्री राजा राम देवांगन एवं श्री रमेश दास साहू की सक्रिय सहभागिता रही।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की जांच की

**बलौदाबाजार 31 मार्च।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा दिनांक 29.03.2026 को सायं 05:00 से रात्रि 08:00 तक जिले के 20 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों, अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों एवं अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों की धरपकड़ हेतु चेकिंग की गई। इस दौरान जिले के बलौदाबाजार शहर, पलारी, लवन, भाटापारा शहर, सिमगा, आदि स्थानों में नाकाबंदी पॉइंट लगाया गया।

# डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 31 मार्च।** विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डे तथां महापौर श्री मधुसूदन यादव ने जैन समुदाय एवं नागरिको को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी ने जीवन भर लोगों को सत्य, और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी एवं आपस में प्रेम भाव से मिलजुल कर रहने की सलाह दी साथ ही पशुबलि, जातिगत भेदभाव आदि की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी अहिंसा और त्याग की मूर्ति थे, हमें उनके द्वारा बताये सिद्धांतों को आत्मसात करना है और उन पर चलकर अपने जीवन को सफ्ल बनाना है।

विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री पाण्डे एवं महापौर श्री यादव ने शुभकामना देते हुए कहा कि महावीर स्वामी ने संपूर्ण भारतभर प्रवास किया और अपने दर्शन की सिख दी जो आठ विश्वास के तत्वों पर, तीन अध्यात्मिक तत्त्वों पर और पाच नैतिक तत्त्वों पर आधारित थी। ÷अहिंसा÷ यानि हिंसा ना करना, ÷सत्य÷ यानि सच बोलना, ÷अस्तेय÷ यानि चोरी ना करना, ÷ब्रह्मचर्य÷ यानि शुद्ध आचरण और ÷अपरिग्रह ÷ यानि संपत्ति जमा ना करना। वही उन्होंने 12 साल की कठोर तपस्या करने के बाद अपनी सभी इच्छा शक्ति और इंद्रियों को काबू में कर उन्हें जीत लिया था, जिसकी वजह से जीतने वाले 'जीतेन्द्र' भी कहलाए थे। यही नहीं महावीर जी ने अपने उपदेशों और शिक्षाओं के माध्यम से लोगों को जीवन जीने की कला भी सिखाई। महावीर जी ने अपने जीवन में पशुबलि का विरोध करने के साथ हिन्दू समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था का भी जमकर विरोध किया साथ ही उन्होंने जियो और जीने दो के सिद्धान्तों पर जोर दिया।

निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा,नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा,सुनील साहू,राजेश जैन रानू,श्रीमती बिना ध्रुव,शैंकी बग्गा,आलोक श्रोती,राजा माखीजा,श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा,श्रीमती केवरा विजय राय एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू,सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुती लोकेश जैन,श्री संतोष कुमार साहू,श्रीमती मोहनी बाई एवं श्री सेवक राम उइके, वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमीन यादव, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल तथा पार्षदा ने नागरिकों को महावीर जंयती की बधाई देते हुये, महावीर स्वामी के बताए सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रम्हचर्य और अपरिग्रह के मार्गो पर चलकर उमंग एवं उल्लास के साथ जयंती मनाने की अपील की है।

# देवपुर पंचायत के आश्रित ग्रामों में टीन शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी,देवपुर 31 मार्च।** जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने ग्राम पंचायत देवपुर के आश्रित ग्राम बिरनपुर एवं बोधसेमरा में टीना शेड निर्माण कार्य के लिए विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभापति एवं जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, सरपंच आत्माराम नेताम, सचिव डीगम्बर कंवर, देवपुर राइस मिल के संचालक मिथलेश साहू, सिरसिदा सरपंच नरसिंग मरकाम, पूर्व सरपंच आरती ध्रुव सहित भाजपा कार्यकर्ता रवि भट्ट, हनी कश्यप, भानेन्द्र सुरेशा, कार्तिक राम साहू, सुभाष पटेल, प्रताप सुरेशा, ईश्वरी कोसरे, तिलक मरकाम, बंशी साहू, शंकर सेन समेत अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि टीना शेड निर्माण से ग्राम में होने वाले विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं सामाजिक गतिविधियों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है और वर्तमान में केंद्र व राज्य सरकार के समन्वय से विकास कार्यों में तेजी आई है।

### वर्धमान स्थानक भवन सदर बाजार में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर

# सामूहिक रूप से हजारों ने किया नवकार महामंत्र का जाप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 31 मार्च।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत आज विविध धार्मिक आयोजन हुए। हजारों लोगों ने एक साथ नवकार महामंत्र का जाप कर विश्व शांति की कामना की। नवकार महामंत्र के जाप के समय ÷ओम नमो अरिहंतानम से पूरा आकाश गूंज उठा। जैन समाज के लोगों ने जीव दया यात्रा भी निकाली और जीव दया की शपथ ली।

सकल श्री जैन संघ के अध्यक्ष विनय डड्डा, उपाध्यक्ष अशोक झांझरी, सचिव अजय सिंगी एवं कोषाध्यक्ष खुशालचंद पारख तथा आयोजन सिमिति के संजोयक मिश्रीलाल गोलछा, सह संयोजक विजय कांकरिया, उपाध्यक्ष नरेश बैद , सचिव गौतम बाफना ,सहसचिव अतिन जैन, कोषाध्यक्ष सीए ऋषभ नाहटा, श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा आयोजन से जुड़े जीवन बैद, ललित भंसाली,भावेश बैद एवं रोशन गोलछा ने बताया कि महोत्सव के चौथे दिन 30 मार्च सोमवार को चौथे दिन आज सुबह 6:00 बजे वर्धमान स्थानक भवन सदर बाजार से भव्य जीव दया यात्रा निकाली जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। यात्रा में शामिल लोगों ने जीव दया की शपथ भी ली। इसके बाद जैन बगीचे में सुबह 8:45 बजे से 9: 45 बजे तक जैन बगीचे के नए हाल में विश्व शांति की कामना को लेकर हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से नवकार मंत्र का जाप किया। इस दौरान ऐसा लग रहा था कि पूरे आकाश में नवकार महामंत्र गूंज रहा हो। इसके बाद दोपहर 12:15 बजे तपाचार की साधना नेम भवन जैन बगीचे में हुई, साथ ही दोपहर 12 : 15 बजे से 2:00 बजे तक वीर प्रसादम का आयोजन दिल्ली दरवाजा पोस्ट ऑफिस चौक के पास हुआ । दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक जैन बगीचे के नए हाल में धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन हुआ । शाम 7:00 बजे से जैन बगीचे में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शुरू हुआ।

महोत्सव के अंतिम दिन 31 मार्च मंगलवार को सुबह 6:00 बजे जैन बगीचे से समस्त संघों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 8:30 बजे श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर के सामने से बरगोडा निकाला जाएगा जो नगर भ्रमण करते हुए वापस जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न होगा। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वामी वात्सल्य का आयोजन सुबह 11:30 बजे से जैन बगीचे में किया जाएगा। इसी दिन यहां प्रातः 10:30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। दोपहर 2:00 बजे से शाम

## कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/441/लोककर्म/2025-26, राजनांदगांव दिनांक 30/3/2026

### //प्रथम/तृतीय निविदा सूचना//

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव द्वारा सांसद/विधायक निधि अंतर्गत निम्न कार्यों हेतु पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का नाम | राशि रू. (लाख में) | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | विधायक निधि अंतर्गत सामुदायिक भवन निर्माण बागेश्वर मंदिर धर्मार्ध ट्रस्ट के पास जी.ई. रोड राजनांदगांव कार्य। (प्रथम निविदा) | 6.94 | 21.4.26 |
| 2 | विधायक निधि अंतर्गत वार्ड नं. 47 मोहारा गौशाला के पास बोरवेल खनन सह पम्प कार्य। (प्रथम निविदा) | 1.60 | 21.4.26 |
| 3 | विधायक निधि अंतर्गत वार्ड नं. 32 मां शारदा भवन के पास बोरवेल खनन सह पम्प कार्य। (प्रथम निविदा) | 1.60 | 21.4.26 |
| 4 | विधायक निधि प्रभारी मंत्री अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु सिन्टैक्स टैंक/सम्बर्सिबल पम्प स्थापित करने हेतु वार्ड नं. 04, 06, 07, 21 एवं 39 राजनांदगांव (प्रथम निविदा) | 5.00 | 21.4.26 |
| 5 | विधायक निधि अंतर्गत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य नया बस स्टैण्ड राजनांदगांव (तृतीय निविदा) | 5.00 | 21.4.26 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.mcrjn.com एवं www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम राजनांदगांव**

## शपथ पत्र

मैं शपथकर्ती प्रीती गणेशानी (Preeti Ganeshani) पति श्री विजय कुमार गणेशानी (Vijay Kumar Ganeshani) निवासी बी-ब्लॉक, 104 डॉलफिन प्रीमियम प्लाजा, गैस गोडाउन के पास, दलदल सिवनी, रायपुर (छ.ग.) की निवासी हूं, जो कि शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

मैंने अपना भारतीय नागरिकता प्राप्त करने हेतु माननीय कलेक्टर कार्यालय रायपुर एवं भारत सरकार गृह मंत्रालय में आवेदन किया था, प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत मुझे दिनांक 06.10.2018 को क्रमांक 0123 के माध्यम से भारतीय नागरिकता कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्रदान की जा चुकी है। नागरिकता प्रमाण पत्र में मेरा नाम रजनी बाई (Rajni Bai) पिता का नाम नंद लाल (Nand Lal) दर्ज है परन्तु विवाह के पश्चात मेरा नाम प्रीती गणेशानी (Preeti Ganeshani) पति श्री विजय कुमार गणेशानी (Vijay Kumar Ganeshani) हो गया है। मेरे अन्य दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम प्रीती गणेशानी (Preeti Ganeshani) दर्ज है।

वर्तमान में मैं अपना भारतीय पासपोर्ट प्रीती गणेशानी (Preeti Ganeshani) पति विजय कुमार गणेशानी के नाम से बनवाना चाहती हूं।

मेरे भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र में मेरा नाम रजनी बाई (Rajni Bai) अंकित हो गया है उसे प्रीती गणेशानी (Preeti Ganeshani) व मेरे पति का नाम विजय कुमार गणेशानी (Vijay Kumar Ganeshani) दर्ज करवाना चाहती हूं। जिससे मैं भारतीय पासपोर्ट बनवा सकूं। उक्त कथनों की पुष्टि हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती**
**प्रीती गणेशानी**

## न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202603092200021

**विषयः- ब-121**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सन्ः- 2025-2026**
**बरनारा कला प.ह.न. 00027 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- विजय यादव,**
**अनावेदक पक्षकार-**

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय यादव आ. गौतरिहा जाति राउत निवासी बरनाराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के भतीजी संजना यादव पिता महावीर यादव का जन्म दिनांक 06/11/2018 को बरनाराकला में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06/04/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/03/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार डोंगरगढ़**

## न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202603092200020

**विषयः- ब-121**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सन्ः- 2025-2026**
**बरनारा कला प.ह.न.00027[(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-विजय यादव,**
**अनावेदक पक्षकार-**

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय यादव आ. गौतरिहा जाति राउत निवासी बरनाराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के भतीजी काव्या यादव पिता महावीर यादव का जन्म दिनांक 05/10/2016 को बरनाराकला में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06/04/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/03/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार डोंगरगढ़**

